तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 5 अगस्त 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


कलेक्टोरेट के सामने गाड़ी खड़े करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लॉक लगाया।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

# बिलासपुर-रायपुर एनएच बदहाल, नाराज हाईकोर्ट ने प्रोजेक्ट मैनेजर को इसी सड़क मार्ग से होते हुए कोर्ट में तलब किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ की सड़कों की बदहाली को लेकर बिलासपुर हाईकोर्ट में जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है। सोमवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की अगुवाई वाली डिवीजन बेंच में सुनवाई में खराब सड़कों को मरम्मत नहीं किए जाने को लेकर चीफ जस्टिस ने नाराजगी जताई। चीफ जस्टिस ने नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट मैनेजर को नोटिस जारी कर इसी सड़क मार्ग से होते हुए कोर्ट में तलब किया है। चीफ जस्टिस ने सख्त रवैय्या अपनाते हुए मंगलवार को भी इसी पीआईएल पर सुनवाई रखी है।

■ चीफ जस्टिस ने सख्त रवैय्या अपनाते हुए मंगलवार को भी इसी पीआईएल पर सुनवाई रखी है

सुनवाई के दौरान बताया गया कि बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे प्रदेश का महत्वपूर्ण हाईवे है। यह प्रदेश की राजधानी और न्यायधानी को सीधे तौर पर आपस में जोड़ती है। बिलासपुर और आसपास के जिलों तथा सरगुजा संभाग जाने के लिए बस्तर संभाग और रायपुर संभाग के लोग इस सड़क का इस्तेमाल करते हैं। सरगुजा संभाग और बिलासपुर संभाग के लोग रायपुर बिलासपुर एनएच से ही होकर राजधानी पहुंचते हैं। इतनी महत्वपूर्ण सड़क होने के बावजूद भी इसके रखरखाव में नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। इस दौरान सड़कों की बदहाली को लेकर डिवीजन बेंच ने नाराजगी जताई।





## हम वहां चलें या ना चलें आप क्या चाहते हैं

एनएचएआई की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता से चीफ जस्टिस ने पूछा कि मिस्टर वानखेडे आप तो रोज रायपुर जाते होंगे, नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट मैनेजर से मिलने के लिए। तो आपने इस सड़क की स्थिति भी देखी होगी। नेशनल हाईवे वाले जो थोड़ा बहुत मेंटेनेंस करते हैं, सड़क पर स्टॉपर लगाते है वे बेतरतीब, लावारिस हालत में सड़क पर पड़ी रहती हैं। हम वहां चलें या ना चलें, आप क्या चाहते हैं कि पब्लिक उसको उड़ाते चले। पेंच वर्क करने के लिए जो मटैरियल सड़क पर छोड़ा गया है उससे भी गंदगी फैल रही है और दुर्घटनाओं की आशंका चौबीस घंटे बनी रहती है। इससे एक्सीडेंट हो रहे हैं और जनहानि हो रही है। इसके अलावा मवेशी भी इस सड़क पर दुर्घटना का शिकार होकर अपनी जान गंवा रहे हैं। इस तरह की स्थिति कब तक रहेगी और इसमें सुधार कब तक होगा। हाईकोर्ट ने नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट मैनेजर को नोटिस जारी कर इसी सड़क मार्ग से होते हुए कोर्ट में मंगलवार को तलब किया है।

## खबर संक्षेप

### विभाग ने दिया शेड्यूल यहां रहेगी बिजली बंद



**बिलासपुर**। बारिश थमते ही बिजली विभाग मरम्मत में जुट गया है। मंगलवार को बिजली विभाग द्वारा गांधी चौक, कतियापारा, मन्नू चौक, नारियल कोठी फीडर में बिजली बंद की जाएगी। इस दौरान सुबह 11 से 1 बजे तक बिजली बंद रहेगी। जिससे गांधी चौक, शिव टाकिज, मन्नू चौक, मुर्गा गली, कतियापारा, जूना बिलासपुर, नारियल कोठी, करबला रोड, फजल बाड़ा जैसे इलाकों में 3 घंटे तक बिजली सप्लाई ठप रहेगी। काम की अधिकता को देखते हुए शेड्यूल में बदलाव किया जा सकता है।

### एक शाम शहीदों के नाम गीत प्रतियोगिता 15 को

**बिलासपुर**। स्वतंत्रता पर एक शाम शहीदों के नाम गीत प्रतियोगिता का आयोजन 15 अगस्त को जूना बिलासपुर में किया जा रहा है। जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि इसमें किशोर कुमार, मो. रफी, लता मंगेशकर, आशा भोंसले के अलावा अन्य गायकों के गाए हुए देशभक्ति गीत का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। गायक सूरदास कुमारी पूजा एव गायक सूरदास पृथ्वीराज द्वारा देश भक्ति से भरे गीतों को अपने मुखारविंद से देशभक्तों को सुनाएंगे। सुबह 9 बजे से नागोराव शेष स्कूल चौक जूना बिलासपुर में होगा। उक्त कार्यक्रम में सभी के लिए फ्री एंट्री है। प्रतियोगिता 2 वर्ग होगी। पहला वर्ग 5 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक व दूसरा वर्ग 15 वर्ष से ऊपर रखी गईं है। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 5 अगस्त है। प्रतिभागियों को स्वयं के गीत की रिकॉर्डिंग जिसकी अवधि 2 मिनट होनी चाहिए। चयनित प्रतिभागी को मंच में स्थान दिया जाएगा।

### पारे में 4 डिग्री की बढ़त उमस ने निकाला पसीना

**बिलासपुर**। मौसम पूरी तरह से बदल चुका है, सुबह से ही तेज धूप निकल रही है। सोमवार को सूरज की मौजूदगी के चलते दिन भर उमस भरी गर्मी ने लोगों को पसीना बहाने के लिए मजबूर कर दिया। इस दौरान तापमान में 4 डिग्री की बढ़त देखी गई। उमस के कारण लोगों को बेहाल होना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार मौसम शुष्क बना हुआ है, आगामी दो दिन में मौसम बदलने के आसार है, लेकिन इस दौरान महज बुंदाबांदी ही हो सकेगी। अच्छी बारिश के लिए इंतजार करना पड़ सकता है।

### इलेक्ट्रीशियन से सुरक्षा कर्मियों ने की हुज्जतबाजी

**बिलासपुर**। सिम्स में बुंदेला सुरक्षा सर्विस की महिला सुरक्षाकर्मी द्वारा सिम्स के इलेक्ट्रीशियन के साथ हुज्जतबाजी की गई है, इसकी शिकायत अस्पताल अधीक्षक डॉ लखन सिंह से की गई है। जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों को ड्यूटी से हटाने का आदेश दिया गया है। मामले के अनुसार सिम्स में कार्यरत विजय शर्मा इलेक्ट्रीशियन है। 2 अगस्त को किसी बात को लेकर दो सुरक्षाकर्मियों ने इलेक्ट्रीशियन से हुज्जतबाजी कर गाली देती रही, घटना से भयभीत इलेक्ट्रीशियन ने अस्पताल अधीक्षक से शिकायत की है, इसके बाजूवद सिक्यूरिटी कंपनी ने सुरक्षाकर्मियों पर कार्रवाई नहीं की है।

## दो टैंकरों के सहारे रहने की मजबूरी : अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों से शिकायत

# वादा कर 250 परिवारों को शिफ्ट करा दिया 4 साल बाद भी पानी की व्यवस्था नहीं की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के बीच मधुबन में बनाए गए अटल आवास में 4 साल बाद भी पीने के पानी की सुविधा नहीं है। निगम चार सालों में यहां पाइप लाइन नहीं बिछा सका और लोगों को टैंकर के सहारे जीना पड़ रहा है। रोज सुबह 10 बजे के करीब एक या दो पानी के टैंकर यहां पहुंचते हैं जिससे पानी लेने के लिए लंबी लाइन लगती है। 250 के करीब परिवारों को इन्हीं दो टैंकरों में पहुंच रहे पानी के सहारे सारा काम करना पड़ रहा है। खास तौर पर महिलाओं को पहले पानी लेने की मशक्कत के बाद चौथी मंजिल तक उसी पानी को बाल्टी, हवला, घघरी में भरकर चढना पड़ रहा है। जिस दिन टैंकर नहीं आता तो और परेशानी होती है और महिलाओं को करीब एक किलोमीटर दयालबंद मुख्य सड़क पर लगे टेपनल से पानी लाने जाना पड़ता है। इसके लिए भी सुबह लंबी लाइन लगती है। हर तरफ कचरा, गंदी नाली और मकानों के टूटे दरवाजे और खिड़कियां यहां की बदहाली कहने के लिए काफी हैं।

**मधुबन में बनाए गए अटल आवास में रहने वालों की बदहाली**

**हर तरफ कचरा, गंदी नाली, टूटे दरवाजे व खिड़कियां ही हैं**

नगर निगम ने चार साल पहले मधुबन में अटल आवास बनाया था। इसमें फ्लैट के तौर पर 406 घर बने थे। निगम ने तालापारा में रह रहे 175 लोगों को यहां शिफ्ट किया था। इसके साथ ही दयालबंद के 80 परिवारों को यहां मकान दिए गए। फिलहाल 252 परिवार यहां रह रहे हैं। निगम ने सारी व्यवस्था तो की लेकिन पानी सप्लाई नियमित नहीं हो सकी है। उस दौरान अधिकारियों ने बड़े बड़े दावे करते हुए कहा था कि 3 महीने में पाइप लाइन बिछाकर जैसे की शहर के दूसरे हिस्सों में दोनों टाइम पानी सप्लाई होती है उसी तरह यहां भी होगी। लोगों ने उन वादों और दावों पर यकीन भी कर लिया लेकिन इसके बाद अधिकारी भूल गए।


मधुबन अटल आवास के निवासी लाइन लगाकर टैंकर से पानी भरते हुए।

### नहीं है कोई सुनने वाला

यहां के निवासियों ने कई बार इस संबंध में वार्ड पार्षद से लेकर महापौर और निगम अधिकारियों से मुलाकात की। अपनी समस्या बताई लेकिन कुछ नहीं हुआ। निगम ने एक तरह से अहसान करते हुए दो टैंकर पानी रोजावा भेजना जरूर शुरू किया। स्थायी व्यवस्था पर लेकिन निगम का ध्यान नहीं है। यहां रहने वाले रामदास निर्मलकर और शमीम बेगम ने बताया कि कोई सुनने वाला है ही नहीं। इन लोगों के मुताबिक टैंकर भी सुबह 10 बजे के बाद पहुंचते हैं इसे जल्दी भेजा जाना चाहिए क्योंकि यहां रहने वाले अधिकांश लोग मजदूर वर्ग के हैं और सुबह 9 बजे से पहले काम पर निकलना होता है।


अटल आवास में फैला कचरा और गंदगी।

### नालियां बजबजा रहीं गंदा पानी सड़क पर

अटल आवास में रहने वाली महिलाओं ने बताया कि पूरे मकान जर्जर हो गए हैं। सीवरेज का पाइप फूट चुका है। नालियों का स्लेप टूटा है। जिसके कारण सीवरेज का गंदा पानी घरों के कमरे में आता है। खिड़की दरवाजे पाइप लाइनशीट आदि टूट फूट गए है। इन आवासों में रहने वाले यह परिवार इन हादसे की आशंका और गंदगी के बीच रहने के लिए मजबूर है। लोगों ने बताया कि सी ब्लॉक के सामने गंदे पानी की निकासी के लिए अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिसके चलते यहां पर हमेशा गंदा पानी जमा रहता है। वहीं इसके सफाई के लिए कोई इंतजाम नहीं है। यहां नाली जर्जर भी हो चुकी है। जगह-जगह से टूटने के कारण निस्तारी का पानी सड़क पर बहता रहता है।

### इससे अच्छा तो झोपड़ी में रह लेते





तालापारा से यहां शिफ्ट हुई महिलाओं ने बताया कि निगम ने तीन साल पहले कहा था कि 6 महीने में तालापारा में ही मकान बन जाएंगे और वहीं दुबारा घर दिया जाएगा लेकिन उसका कोई अता पता नहीं। नाली व पानी की समस्या को लेकर अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं लेकिन अभी तक इसका कोई फायदा नहीं मिला है। भीषण गर्मी के मौसम में जल संकट से गुजरना पड़ रहा है। यहां गरीब परिवार के लोग रहते हैं इसलिए सुनने वाला कोई नहीं है। लोगों के मुताबिक निगम और जिला प्रशासन ने इन्हें अटल आवास में जबरन शिफ्ट कराया है। रहवासियों का कहना है कि यहां से अच्छा झोपड़ी में रह लेते थे। वहां किसी प्रकार की समस्या नहीं होती थी। जब से आवास में शिफ्ट किया गया है। तब से यहां दर्जनों समस्या से जुझना पड़ रहा है। बच्चों से लेकर युवा, बुजुर्ग बीमार पड़ रहे हैं।

# वेलकम डिस्टलरी पर 15 लाख की पेनाल्टी

**पर्यावरण विभाग की कार्रवाई**

■ डिस्टलरी में मानकों के अनुरूप नहीं मिला उपचारित पानी

■ सुधार नहीं होने पर होगी उत्पादन बंद करने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वेलकम डिस्टलरी पर क्षेत्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल ने पंद्रह लाख रूपए की पेनाल्टी लगाई है। संस्थान में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित किया जा रहा पानी निर्धारित मानकों के अंतर्गत नहीं पाए जाने के कारण मंडल द्वारा यह कार्रवाई की गई है। विभाग द्वारा इस संबंध में वेलकम डिस्टलरी को 6 जून को नोटिस जारी कर व्यवस्था सुधारते हुए सूचना देने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर विभाग ने 29 जुलाई को दोबारा जांच की व प्रथम नोटिस दिनांक से 30 हजार रूपए प्रतिदिन की दर से पेनाल्टी भुगतान करने की कार्रवाई की है।

वेलकम डिस्टलरी द्वारा खारंग जलाशय खूंटाघाट से बगैर भुगतान के सालों से पानी लेने का मामला अभी शांत भी नहीं हो सका है, और पर्यावरण विभाग ने भी कार्रवाई का डंडा चलाना शुरू कर दिया। क्षेत्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल की टीम शासन के निर्देशानुसार एक अन्य मामले में 6 जून 2025 को वेलकम डिस्टलरी पहुंची थी। यहां टीम ने संस्थान का रूटीन औचक निरीक्षण भी किया था। निरीक्षण के दौरान टीम ने संस्थान द्वारा उपयोग से पहले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के द्वारा उपचारित किए जा रहे पानी का सैंपल लिया और अपनी प्रयोगशाला में इसकी जांच की थी। जांच के दौरान पानी निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं पाया गया। ऐसी स्थिति में मंडल द्वारा वेलकम डिस्टलरी को नोटिस जारी कर ट्रीटमेंट प्लांट की खराबी ठीक करते हुए उपचारित पानी की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए गए थे। इतना ही नहीं, बल्कि आवश्यक सुधार के बाद मंडल को इसकी सूचना देने की बात भी कही गई थी।

वेलकम डिस्टलरी प्रबंधन द्वारा पर्यावरण मंडल को खराबी में सुधार कर लेने संबंधी किसी तरह की कोई सूचना नहीं दी गई। ऐसी स्थिति में मंडल की टीम 29 जुलाई को दूसरी बार निरीक्षण के लिए पहुंची व पानी का दोबारा सैंपल लाया गया है। चूंकि संस्थान ने नोटिस के बाद भी किसी तरह के सुधार की सूचना विभाग को नहीं दी थी, जिससे मंडल ने वेलकम डिस्टलरी को प्रथम नोटिस दिनांक 6 जून से 29 जुलाई तक प्रतिदिन 30 हजार रूपए की दर से कुल 15 लाख रूपए की पेनाल्टी से दंडित किया है। यह पेनाल्टी मंडल द्वारा 29 जुलाई को लाए गए सैंपल के सही होने की स्थिति में ली जाएगी, लेकिन अगर यह सैंपल भी मानकों के अनुरूप नहीं निकला तो 29 जुलाई के बाद भी प्रतिदिन न केवल 30 हजार की पेनाल्टी जारी रहेगी, बल्कि संस्थान का तत्काल प्रभाव से उत्पादन बंद करने संबंधी कार्रवाई भी की जाएगी।




### नवंबर-दिसंबर में भी हुई थी 13 लाख की पेनाल्टी

क्षेत्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा वेलकम डिस्टलरी को नवंबर-दिसंबर 2024 के मानसून सत्र के दौरान भी अलग-अलग तीन मामलों में कुल तेरह लाख रूपए की पेनाल्टी से दंडित किया गया था। इनमें संस्थान के करीब संचालित एक स्कूल के आसपास डिस्टलरी का वेस्टेज पानी बहाने का भी एक मामला शामिल था। विभाग के अनुसार शासन द्वारा उद्योगों के निरीक्षण के लिए निर्धारित समयसीमा में सतत निरीक्षण किया जाता है, जिसके अंतर्गत कमियां पाए जाने पर संबंधित उद्योगों पर कार्रवाई की जाती है।

### किया गया था औचक निरीक्षण

वेलकम डिस्टलरी का औचक निरीक्षण 6 जून को किया गया था, जिसमें उपचारित कर उपयोग में लाया जा रहा पानी मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। आवश्यक सुधार कर मंडल को सूचना देने संबंधी नोटिस देने के बाद भी संस्थान द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं देने पर 29 जुलाई को पेनाल्टी की कार्रवाई की गई है। अभी फिलहाल 6 जून से 29 जुलाई तक प्रतिदिन 30 हजार रूपए की पेनाल्टी से दंडित किया गया है। व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं होने की स्थिति में उत्पादन बंद करने की कार्रवाई की जाएगी।

- **आलोक कुमार साहू**, कार्यपालन अभियंता, क्षेत्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल

## सड़क हादसे में लोगों को आई थी चोट, वीडियो सोशल मीडिया में हुआ था वायरल

# ड्राइवर की जगह दूसरे की गिरफ्तारी करने वाला प्रधान आरक्षक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार चालक ने खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए चार लोगों को टक्कर मार दी थी, विवेचक प्रधान आरक्षक ने बिना जांच के कार मालिक के कहने पर एक युवक की मामले में गिरफ्तारी कर ली। उसके उक्त हादसे का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ, जिसमें दूसरा युवक कार चलाते नजर आया। एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रधान आरक्षक को सस्पेंड कर दिया है।

घटना 14 जुलाई की रात 9 बजे की है, इस समय कार क्रमांक सीजी 10 बीक्यू, 5400 के चालक ने खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए तीन चार लोगों को टक्कर मार दी, जिससे लोगों को चोट आई थी। एक तरह से बड़ा हादसा होने से बच गया था। हादसे के दौरान लोगों ने मोबाइल में वीडियो बना लिया था। तारबाहर थाने में पीड़ित की रिपोर्ट पर कार के अज्ञात चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125, 281 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था।



उक्त मामले की जांच प्रधान आरक्षक नरेश बाड़ा ने की, उन्होंने गाड़ी नम्बर के आधार पर मालिक को नोटिस भेजकर ड्राइवर को पेश करने कहा। 22 जुलाई को कार मालिक एक युवक को ड्राइवर बनाकर थाने लाया और गिरफ्तारी कराने के बाद मुचलका जमानत पर छुड़ाकर चला गया। उसके बाद सोशल मीडिया में उक्त हादसे का वीडियो वायरल हो गया, जिसमें कार चलाते दूसरा युवक नजर आ रहा था। लोगों ने घटना की शिकायत एसएसपी रजनेश सिंह से की। एसएसपी श्री सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विवेचक प्रधान आरक्षक नरेश बाड़ा को सस्पेंड कर दिया है।

# महिला ने आटो को मारी थी टक्कर, जांच सीएसपी के हवाले

मंगला बाईपास में कार ने आटो को टक्कर मार दी थी, इस मामले में महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज हुआ और सिविल लाइन पुलिस ने युवक की गिरफ्तारी कर उसे जमानत पर छोड़ दिया है। मामला उजागर होने के बाद अब सीएसपी सिविल लाइन को मामले की जांच करने कहा गया है।

सोमवार को सीएसपी सिविल लाइन ने थाने जाकर मंगला बाइपास में हुए सड़क हादसे संबंधी मामले की समीक्षा की। उन्होंने कार सवार युवक को तलब किया गया, युवक ने कार से उतरते हुए वीडियो पेश किया। वीडियो से स्पष्ट नहीं हो रहा युवक कार के किस दरवाजे से बाहर निकल रहा है। उन्होंने टीआई आईटीएमएस से फुटेज लेकर पेश करने का आदेश दिया है।


रांग साइड में ई-रिक्शा को टक्कर मारने का मामला
सिविल लाइन पुलिस का कारनामा : महिला के खिलाफ एफआईआर, युवक को गिरफ्तार किया

हरिभूमि में 4 अगस्त को प्रकाशित खबर।

ज्ञात हो कि 26 जुलाई की रात 10.30 बजे मंगला बाईपास स्मार्ट रोड पेट्रोलपंप के पास कार क्रमांक सीजी 10 बीव्हाय, 3300 में सवार युवती ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी थी। 1 अगस्त को हादसे में घायल ताराचंद जांगड़े 14 साल की मौत हो गई। मामले में अज्ञात महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया था और हादसे के दूसरे दिन महिला की जगह नेहरू नगर निवासी ऋषभ वासवानी की गिरफ्तारी कर खानापूर्ति कर ली गई। मामला उजागर होने पर सोमवार को सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने सिविल लाइन थाना जाकर टीआई से हादसे के जांच की पूरी जानकारी ली और ऋषभ वासवानी को थाने तलब कर पूछताछ की। उसने कार से बाहर निकलते वीडियो पेश किया। जिसमें स्पष्ट नहीं हो रहा है कि वह कार के किस दरवाजे से बाहर निकल रहा है। उन्होने युवक को गलत जानकारी देने पर गैर जमानती धाराओं के तहत कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। उन्होंने टीआई को घटना के दिन की आईटीएम से फुटेज पेश का आदेश दिया है।

### गाड़ी चलाने वाला स्पष्ट नहीं है

कार चालक को तलब कर पूछताछ की गई है। उसने वीडियो पेश किया है, जिसमें वह कह रहा कार वह चला रहा था। वीडियो में स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा है कि वह ड्राइवर साइड के दरवाजे से बाहर निकल रहा है। टीआई को आईटीएमएस से फुटेज लेकर पेश करने कहा गया है।

- **निमितेश सिंह परिहार**
सीएसपी सिविल लाइन

## निधन



### दुरपत बाई तंबोली

**बिलासपुर।** पथरिया (मुंगेली) निवासी दुरपत बाई तंबोली का 3 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शत्रुहन लाल तंबोली की पत्नी एवं बजरंग, कामेश्वर, सविता महोबिया और प्रिति महोबिया की मां थीं।



### पारस नाथ देवांगन

**बिलासपुर।** रोहिणीपुरम रायपुर निवासी पारस नाथ देवांगन का 4 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 अगस्त को सुबह 11 बजे महादेव घाट रायपुर में होगा। वे शैलेन्द्र, शशी, नीलू के पिता थे।



### धनाबाई साहू

**बिलासपुर।** बिरकोना निवासी धनाबाई साहू का 4 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 अगस्त को सुबह 11 बजे मिसिर पारा मुक्तिधाम में होगा। वे लोमश राम साहू की पत्नी व हरिशंकर साहू, गौरीशंकर, विमल व सीमा की मां थीं।



### प्रेमा सिंह तोमर

**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप नगर तिफरा निवासी प्रेमा सिंह तोमर का 4 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 अगस्त को किया जाएगा। वे ललन सिंह तोमर की पत्नी थीं।



### विमला कंडरा

**बिलासपुर।** शीतला मंदिर मठपुरैना रायपुर निवासी विमला कंडरा का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेव घाट मुक्तिधाम में किया गया। वे गंगाराम कंडरा की पत्नी, यशवंत, सोनू, मोनू, सुशील, सती कंडरा की माता एवं सूरज कंडरा, हरिभूमि प्रेस महासमुंद के लोचन कंडरा की मामी थीं।



### जुड़वान वस्त्रकार

**सकरी।** ग्राम परसदा (भरनी) निवासी जुड़ावन वस्त्रकार का रविवार निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष, विजय, रमेश के पिता थे।



### संगीता कोटड़िया

**मुंगेली।** शुभकामना रेडीमेड के संचालक अरुण कोटड़िया की पत्नी संगीता कोटड़िया का 4 अगस्त को निधन हो गया। वे सौरभ की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार 5 अगस्त को प्रातः 9 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम में होगा।



### धनीराम सेमर

**तखतपुर।** बड़ा बाजार निवासी धनीराम सेमर 52 वर्ष का 4 अगस्त को निधन हो गया। वे श्रवण सेमर, सुरेन्द्र सेमर के पिता व विनोद सेमर, रामू सेमर के चाचा थे। इनका अंतिम संस्कार 5 अगस्त को स्थानीय मुक्तिधाम में प्रातः 10 बजे किया जाएगा।

### जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की अगुवाई में तिफरा के बछेरा तालाब से निकली यात्रा

# नंदी व गौमाता के संरक्षण के लिए कांग्रेस ने निकाली कांवर यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नंदी व गौमाता के संरक्षण को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी की अगुवाई व तिफरा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के बैनर भव्य कांवर यात्रा निकली। तिफरा के बछेरा तालाब में पहले गौमाता की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद तालाब से जल लेकर यदुनंदन नगर स्थित शिव मंदिर के लिए कांवर यात्रा प्रारंभ हुई।

तिफरा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले आयोजित कांवर यात्रा को लेकर तिफरा ब्लाक में उत्साह देखते ही बन रहा था। सबसे पहले गौमाता का पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना और आरती उतारने के साथ ही सभी ने एकजुट होकर गोसंरक्षण की शपथ ली। शपथ लेने के बाद तालाब से जल भरकर कांवर यात्रा की शुरुआत की। यात्रा के दौरान कांग्रेसजन लोगों को गोसंरक्षण के लिए प्रेरित करते चल रहे थे। बछेरा तालाब से यदुनंदन शिव मंदिर की दूरी पांच किलोमीटर की है। गर्म सड़कों पर नंगे पैर चलने के कारण कांवर यात्रियों के पैरों में छाले भी पड़े, पर हिम्मत नहीं हारी।



कांवर यात्रा में शामिल कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित अन्य।

धैर्य रखा और यात्रा सीधे शिव मंदिर पहुंचने के बाद शिवजी में जलाभिषेक और संकल्प के बाद समापन हुआ। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने गोवंशों को सड़कों पर छोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई और एफआईआर को नाकाफी बताते हुए कहा, इस औपचारिकता को छोड़कर सबसे पहले गोवंशों की सुरक्षा को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। गोठानों व सुरक्षित जगहों पर चारा,पानी व बारिश से बचाव के साधन के साथ गोवंशों को रखना काम करना होगा। यात्रा में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, राजेंद्र शाहू ( डब्बू) पार्षद गायत्री साहू, बृजेश शर्मा, संत सर्वे, महेश ठाकुर, राजेश साहू, सोभा चहिल, हरमेन्द्र शुक्ला, रोमहर्ष शर्मा, शिव यादव, अमित यादव, बंटी साहू, गौरव सिंह, अक्षय नवरंग, सचिन भवानी, बाबा खान, कालेश्वर कौशिक, दीपक कौशिक, मिश्रीलाल साहू, राजेश कश्यप, संजय सिंघानी, अजय मनहरे, राजेश कोशले, संजू कौशिक, राहुल पटेल, मनदीप सिंह, संतोषी यादव, सुरुज कुमारी साहू, चम्पा कश्यप, श्यामा साहू, उर्मिला साहू, तिजमत साहू, परदेशनिन साहू, शिवकुमारी साहू, श्यामा साहू, सुरेश यादव, नरसिंह वैष्णव, पूनम यादव, रेखा यादव, सुनीता यादव, मधु यादव, जानकी साहू, रानी जांगड़े, विनीता सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## केवल पाठ्यपुस्तकों तक न हो शिक्षा का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक सामग्री निर्माण और शालेय तथा स्वच्छता को लेकर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि शैक्षणिक सामग्री और स्वच्छता, न केवल समय की मांग है, बल्कि हमारे शैक्षिक दायित्वों की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल भी है।

शैक्षणिक सामग्री निर्माण सीखने का नया स्वरूप है हमारे शिक्षण का उद्देश्य केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। जब विद्यार्थी स्वयं शैक्षणिक सामग्री जैसे चार्ट, मॉडल, प्रोजेक्ट आदि बनाते हैं, तो उनका सीखना अधिक व्यावहारिक और गहरा होता है। यह रचनात्मक प्रक्रिया उन्हें सोचने, समझने और अभिव्यक्त करने की क्षमता प्रदान करती है। प्राचार्य लिमहा एसजे प्रधान ने कहा कि हमारा विद्यालय तभी आदर्श बन सकता है जब प्रत्येक विद्यार्थी और कर्मचारी स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत बना लें। प्राचार्य दैजा केजी एक्का ने कहा कि रचनात्मक शिक्षण सामग्री के निर्माण को अपनी रुचि का हिस्सा बनाएं। स्वच्छता को केवल अभियान नहीं, आदत बनाएं। मनीष मिश्रा ने कहा कि विद्यालय को ऐसा बनाएं, जहां ज्ञान, स्वच्छता और संस्कार तीनों साथ-साथ विकसित हों। इसमें प्रथम स्थान बारहवीं कला, द्वितीय स्थान बारहवीं विज्ञान एवं तृतीय स्थान प्राप्त ग्यारवीं विज्ञान की छात्राओं और शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आमोद एक्का, रश्मि मिश्रा, मिनाज खान, कामिनी गुप्ता, मीनाक्षी शर्मा, स्वीटी सिंह, माहेश्वरी सिंह, दिव्या मिश्रा, अंकित विश्वकर्मा एवं पारुल यादव, गिरधारी वैष्णव, मयंक यादव, पुष्पेंद्र दुबे, संदीप ध्रुव ने योगदान दिया।



### गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट

**तखतपुर।** गाली गलौज करने से मना करने पर आरोपी ने प्रार्थी के साथ मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार मोछ निवासी सुरेश कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 3 अगस्त की शाम 7 बजे ज्योति मारकण्डे एवं छोटू नवरंग वाद विवाद करते हुए गाली गलौज कर रहे थे और जब सुरेश ने गाली गलौज करने के लिए मना किया तो छोटू नवरंग, सहस नवरंग ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115, 2 296, 3, 5 351, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।



## संस्कारों से संवरता है भविष्य लक्ष्य से निखरती है उड़ान

**सीपत।** वैदिक महाविद्यालय में सोमवार को प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ। संस्था सचिव अशोक श्रीवास ने सभी नवागंतुकों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की आगामी कार्ययोजनाओं और छात्र-केन्द्रित पहलों की विस्तृत जानकारी दी।

प्राचार्य डॉ. सीआर कैवर्त ने कहा कि अगर जीवन में उड़ान भरनी है तो संयम और कठोर परिश्रम ही सफलता की चाबी है। मुख्य अतिथि सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने कहा कि यह कालखंड चंचल मन का होता है। ऐसे समय में शिक्षा के साथ संस्कारों का मेल यदि किसी संस्था में मिलता है, तो वह सौभाग्य है। वैदिक महाविद्यालय उस सौभाग्य का नाम है। टीआई ने आगे कहा कि आपका सबसे सच्चा मित्र पुस्तक है। उसे साथी बनाइए। लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई कीजिए, लेकिन मशीन मत बनिए। विशिष्ट अतिथि विद्युत विभाग, सीपत के एई आरके चौहान ने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कीजिए, तभी आपका भविष्य तय हो पाएगा। लक्ष्यहीन जीवन दिशाहीन नाव जैसा है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था चेयरमैन द्वारिकेश पांडेय ने कहा कि हम एक व्यवसाय नहीं चला रहे, बल्कि आपके भविष्य की नींव गढ़ रहे हैं। ये तीन वर्ष आपके जीवन की आधारशिला हैं। इस दौरान अनुशासन, समय प्रबंधन और दृढ़ संकल्प को अपनाइए, हम आपके सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित हैं। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक हिमांशु गुप्ता ने एवं आभार प्रदर्शन आकांक्षा भारती ने किया।

■ छात्रों के अभिनंदन समारोह में शामिल हुए टीआई सतपथी

## 10 दुकानों में कोटपा एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

**मुंगेली।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कोटपा एक्ट 2003 के तहत जिले में 10 दुकानों में कार्रवाई की गई। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा के मार्गदर्शन में प्रवर्तन दल द्वारा मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम सुरदा में 10 तम्बाकू दुकानों में 1 हजार रूपए की चालानी कार्रवाई की गई और 05 दुकानों को चेतावनी दी गई।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के औषधि निरीक्षक ने बताया कि जुलाई माह में तीनों विकासखण्डों के तम्बाकू दुकानों में 03 हजार 900 रूपए की चालानी कार्रवाई की गई है, जो लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थान में धुम्रपान पर प्रतिबंध, धारा 5 के तहत सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के ज्ञापन पर प्रतिबंध, धारा 6 के तहत नाबालिगों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध, धारा 7, 8 एवं 10 के तहत बिना विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनियों के सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के विक्रय पर प्रतिबंध के साथ ही धारा 4 एवं 6 के तहत 200 रूपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।




## BEST IN BILASPUR MARKET

बिलासपुर का बाजार हर क्षेत्र के व्यापारियों और ग्राहकों के लिए सुनहरा अवसर प्रस्तुत करता है। बोरवेल, होटल, खेती, पूजा और वस्त्र जैसे विविध व्यापारों की उपलब्धता और विकास ने इसे एक व्यापक व्यापारिक हब बना दिया है। यदि आप व्यापार शुरू करने की सोच रहे हैं, तो बिलासपुर आपके लिए उपयुक्त स्थान हो सकता है।

**होटल और खानपान उद्योग**

बिलासपुर का होटल व्यवसाय, खासकर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मुख्य बाजार क्षेत्रों के आसपास, तेजी से विकसित हुआ है। छोटे-छोटे ढाबों से लेकर तीन सितारा होटलों तक, यहाँ हर प्रकार के खाने-पीने के स्थान मौजूद हैं। स्थानीय स्वाद व पंजाबी व्यंजनों का लुफ्त काके दी हट्टी जो कि नेहरू चौक में स्थित है, लोगों की पसंद का रेस्टोरेंट है।

**कृषि यंत्र और मशीनरी**

एस.एस. स्टील जो कि कृषि उपकरणों के लिए बिलासपुर का विश्वसनीय संस्थान है। यहाँ ट्रैक्टर, थ्रेशर, पावर टिलर, स्प्रेयर, पानी के पंप और अन्य आधुनिक उपकरण आसानी से उपलब्ध हैं।

**पूजा सामग्री और धार्मिक वस्तुएं**

बिलासपुर के बाज़ार में पूजा-पाठ की सामग्री जैसे अगरबत्ती, दीपक, मूर्तियाँ, पूजन थाली, राशि रत्न, व अन्य पूजन सामाग्री मिलने का एकमात्र स्थान हरिओम ट्रेडर्स है। यहां हिन्दू तीज त्यौहारों के अनुरूप सभी सामग्रीयां बिक्री हेतु उपलब्ध है।

**कपड़ा और रेडीमेड व्यापार**

सिम्स चौक, जूनी लाईन स्थित कोसा क्रिएशन कपड़ा व्यापार बहुत पुराना और प्रसिद्ध है। यहाँ कोसा सिल्क व पारंपरिक परिधान उचित दर पर उपलब्ध है।

**बोरवेल और जल आपूर्ति व्यापार**

बिलासपुर और उसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में जल की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए बोरवेल के लिए प्रसिद्ध आर.डी. बोरवेल विश्वसनीय संस्थान है। यहाँ आपको बोरवेल ड्रिलिंग मशीन से लेकर पाइप, मोटर और फिटिंग्स तक सभी सामान उचित दरों पर मिल जाते हैं।












**खबर संक्षेप**

## कैलाश मानसरोवर यात्रा से लौटे डा. रजनीश का भव्य स्वागत



**बिलासपुर।** प्रथम अस्पताल के संचालक और चिकित्सक डॉ. रजनीश पाण्डेय ने कैलाश मानसरोवर की 11 दिवसीय यात्रा पूरी कर वापस आज बिलासपुर लौट आए। उनका बहतराई चौक पर भव्य स्वागत किया गया। दीप आरती कर पुष्प माला से निरंतर सभी जनों के तरफ से स्वागत किया गया। इस यात्रा में डॉ. पांडे ने अपने विश्वास और धैर्य का परिचय देते हुए कैलाश मानसरोवर की यात्रा को पूरी की। यात्रा को हिंदू, बौद्ध, जैन और तिब्बती परंपराओं में अत्यंत पवित्र माना जाता है। डॉ. रजनीश ने इस यात्रा को श्रद्धा और सेवा की भावना से प्रेरित होकर पूरा किया। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि डॉ. रजनीश पाण्डेय ने यह यह सिद्ध किया है कि व्यस्त चिकित्सकीय जीवन के साथ भी आध्यात्मिक यात्रा संभव है। डॉ. रजनीश ने युवाओं से आह्वान किया कि वे जीवन की आपाधापी में भी स्वयं के भीतर झांकने और प्रकृति के निकट जाने का प्रयास करें। बहतराई पार्षद ओम प्रकाश पाण्डेय ने बताया डॉ रजनीश की यह यात्रा हमारे लिए अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है। उन्होंने बताया कि यह अनुभव न केवल आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने वाला रहा, बल्कि आत्ममंथन और शांति का अवसर भी प्रदान किया।

## राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के जयंती समारोह में शामिल हुए अमर



**बिलासपुर।** गहोई वैश्य समाज द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की 139वीं जयन्ती 3 अगस्त को मनाई गई। शांतिनगर स्थित राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त उद्यान में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद कार्तिक राम यादव ने उनकी प्रतिमा के सौन्दर्यीकरण कराने का वादा किया। समाज के अध्यक्ष डॉ आर के गंधी ने समाज के सभी उपस्थित जनों के साथ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत सिंदूर के पौधों का पौधारोपण भी किया। मुख्य समारोह शाम 6 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा अशोक विधानी एवं साहित्यकार नीरज अग्रवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गहोई वैश्य समाज के अध्यक्ष डॉ आर के गंधी ने की। इस अवसर पर अंशू नीखरा, शरद कुमार सोनी, नीरज अग्रवाल, मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने राष्ट्रकवि को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उमाकांत बिलैया, शांति मातेले, आदित्य खरया, वैदिक गुप्ता, हिमांशी गुप्ता, भूमि बिलैया, स्वरिम गुप्ता, आरजू गुप्ता, राघव सेठ, अतुल सेठ एवं ग्यानदीप गुप्ता, डॉ मनीष कुमार रेजा, आशुतोष बहरे, रीता बरसैंया को भी सम्मानित किया गया।

## ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की क्विज़ प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण



**बिलासपुर।** ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में 2 अगस्त को सिरत-ए-हसनैन (जहीन सितारे) नामक क्विज़ प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण प्रोग्रेसिव कॉन्वेंट स्कूल जरहाभाठा में किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को गिफ्ट ओर सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। प्रतियोगिता के ग्रुप ए में प्रथम मो यामीन रजा, द्वितीय फारिया खान, तृतीय संयुक्त रूप से मरियम खान एवं मो शोएब ने प्राप्त किया। ग्रुप बी में प्रथम समीर रजा, द्वितीय संयुक्त रूप से मो. कबीर अहमद एवं शेख माज, तृतीय अबू स्वालेह कादरी रही। ग्रुप सी में प्रथम सैयद अरसलान अली, द्वितीय अक्सा फातिमा, तृतीय अफ़ीफा फातिमा रही। उक्त सभी विजेताओं को मोमेंटो, कुरआन शरीफ एवं हाजी मो. अब्दुल कादिर चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि इमाम मुफ़्ती मशहूद रज़ा मरकज़ी और इमाम मुफ्ती मो मुकर्रम रज़ा थे। समारोह में हमशीरा ग्रुप की संभाग अध्यक्ष अंजुम जरीन, एडवोकेट शौकत अली, आशिफ अशरफी, जरिया तालीम अब्दुल अलीम, मो सरजील खालिद, आजम मिर्जा, मो नावेद, जावेद खान, शमशेर अशरफी, फहीम बेग, साजिद, मोहसिन, जुबैर अबूबक्र, गौहर खान, नगमा परवीन, सैयद सबीना व महजबीन आदि मौजूद थे।

### पॉलिटिक्स प्लस

## राहुल गांधी ने दिलाया भरोसा सेन समाज को मिलेगा टिकट



**बिलासपुर।** 10 जनपथ नई दिल्ली में राहुल गांधी के साथ पूरे देश से आए अति पिछड़ा वर्ग के डेढ़ दर्जन नेताओं से बातचीत हुई। इस दौरान राहुल गांधी ने त्रिलोक श्रीवास को सेन समाज को टिकट देने और संगठन में महत्पूर्ण स्थान देने का भरोसा दिलाया है। बिलासपुर जिले के कांग्रेस नेता त्रिलोक श्रीवास, अभा कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद के नेतृत्व में देशभर से सेन - सैनी समाज के नेताओं ने राहुल गांधी से भेंट की। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इन वर्ग के राष्ट्रीय नेताओं से बैठक की, जिसमें त्रिलोक चंद्र श्रीवास ने राहुल गांधी से मंत्रणा की। छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आने वाले अति पिछड़ा वर्ग की जातियों को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय संगठन एवं प्रदेश संगठन में महत्वपूर्ण स्थान देने एवं लोकसभा- विधानसभा टिकट देने की मांग भी किया। लोकसभा का एक टिकट कांग्रेस की ओर देने की मांग रखी। विधानसभा- लोकसभा में भी टिकट दिया जाएगा। इस बैठक में डॉ अनिल जयहिंद, डॉ योगेंद्र योगी, डॉ महेंद्र गहलोत राजेंद्र सेन, सी के ठाकुर, कुणाल कुमार, धर्मराज, विनोद सेन म. प्र., अंकित ठाकुर, दीपक कुमार, दीपक खारिया आदि उपस्थित थे।

### बिलासपुर और चक्रधरपुर मंडल में अधोसंरचना कार्य से थमेंगे 63 से अधिक ट्रेनों के पहिए

# इस माह यात्रियों को रुलाएगी 4 दर्जन से अधिक रद्द ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने अगस्त माह में बिलासपुर रेल मंडल के साथ चक्रधरपुर रेल मंडल में अधोसंरचना कार्य के कारण 37 से अधिक ट्रेनों के पहियों को रोकने का आदेश जारी कर दिया है, जिसके कारण लाखों की संख्या में यात्रियों को अपनी यात्रा मजबूरी में केंसिल करनी पड़ेगी।

रेलवे के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल के झारसुगुड़ा यार्ड में नान इंटरलाकिंग कर यार्ड के आधुनिकीकरण कार्य के लिए 24 दिनों का प्री एनआई 16 अगस्त से 8 सितम्बर तक और 25 वें दिन 9 सितम्बर को 6 घंटे यानि 11 बजे से शाम 17 बजे तक किया जाएगा, जिसके कारण ट्रेनों का परिचालन ब्लॉक रहेगा। इसके अतिरिक्त एक दिन का पोस्ट एनआई कार्य 10 सितम्बर को होगा। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित सभी गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा, जिसमें 15 ट्रेनें रद्द रहेगी। वहीं दो ट्रेनें 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 23, 25, 27, 29, 31 अगस्त एवं 8 सितम्बर को परिवर्तित मार्ग कटक, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब होकर और 18478 योगनगरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 26, 28, 30 अगस्त एवं 1, 8, 9 सितम्बर को व्हाया ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी एवं कटक होकर चलाई जाएगी। 24 अगस्त को पटना से चलने वाली 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस तीन घंटे विलंब से, 26 अगस्त, 1, 8 सितम्बर को हावड़ा से चलने वाली 12262 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल एक्सप्रेस पांच घंटे विलंब से, 26, 28 अगस्त, 9 सितम्बर को छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से चलने वाली 12261 छत्रपति शिवाजी टर्मिनल-हावड़ा एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से, 28, 30 अगस्त को हावड़ा से चलने वाली 12222 हावड़ा-पुणे एक्सप्रेस पांच घंटे विलंब से, 30 अगस्त को हटिया से रवाना होने वाली 12812 हटिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस तीन घंटे विलंब से, 30 अगस्त, 1, 8 सितम्बर को पुण से चलने वाली 12221 पुणे-हावड़ा एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से, एक सितम्बर को सूरत से चलने वाली 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से रवाना की जाएगी।



### रद्द की जाने वाली ट्रेनों में

19 से 21 अगस्त, 24 अगस्त से 2 सितम्बर एवं 5 से 10 सितम्बर तक 18109/18110 टाटा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस-टाटा एक्सप्रेस।
29 अगस्त एवं 12 सितम्बर को 17008 दरभंगा-चर्लापल्ली एक्सप्रेस।
26 अगस्त से 9 सितम्बर तक 17007 चर्लापल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस।
28 अगस्त को 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस।
31 अगस्त को 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस।
30 अगस्त को 07051 चर्लापल्ली-रक्सौल एक्सप्रेस।
02 सितम्बर को 07052 रक्सौल-चर्लापल्ली स्पेशल एक्सप्रेस।
04 सितम्बर को 07006 रक्सौल-चर्लापल्ली स्पेशल एक्सप्रेस।
08 सितम्बर को 12767 नांदेड़-संतरागाछी एक्सप्रेस।
10 सितम्बर को 12768 संतरागाछी-नांदेड़ एक्सप्रेस।
06 सितम्बर को 13425 मालदाटाउन-सूरत एक्सप्रेस।
08 सितम्बर को 13426 सूरत-मालदाटाउन एक्सप्रेस।
06 सितम्बर को 20822 संतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस।
08 सितम्बर को 20821 पुणे-संतरागाछी एक्सप्रेस।

### ट्रेनों को किया जाएगा डायवर्ट

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे चक्रधरपुर मंडल के ग्रामहारीया जंक्शन से आदित्यपुर सेक्शन के बीच अप व डाउन लाइन में ट्रैक रिलेइंग ट्रेन मशीन से आधुनिकीकरण का कार्य 4 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस दौरान दूसरे जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित होगी। इन ट्रेनों 9, 12, 16, 19, 23, 26 अगस्त को 18109/18110 टाटा से नेताजी सुभाषचंद्र बोस और नेताजी सुभाष चंद्र बोस से टाटा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस के पहिए थमे रहेंगे। वहीं 11, 18, 25 अगस्त को 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस व्हाया कटक, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब होकर, 8, 15, 22, 28 अगस्त, 5, 12, 19, 26 सितम्बर, 3 अक्टूबर को 18478 योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस व्हाया ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी, कटक होकर, 1 अक्टूबर को आरा से चलने वाली 13288 आरा-दुर्ग जंक्शन साउथ बिहार एक्सप्रेस कान्ड्रा जंक्शन, सिनी होकर चलाई जाएगी।

### होगा रेल लाइन जोड़ने का कार्य

किरोड़ीमल नगर रेलवे स्टेशन को चौथी रेल लाइन में जोड़ने का कार्य 24 से 27 अगस्त तक विभिन्न तिथियों में होगा। बिलासपुर से होकर चलने वाली मुम्बई-हावड़ा लाइन की 22 ट्रेनों को रद्द करने का आर्डर दिया गया है। इसके साथ ही 23 अगस्त को हावड़ा से रवाना होने वाली 12222 हावड़ा-पुणे दूरंतो एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा, टिटलागढ, लाखोली, रायपुर होकर और 25 अगस्त को पुणे से रवाना होने वाली 12221 पुणे-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रायपुर, लाखोली, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर चलेगी। वहीं 24 से 27 अगस्त तक 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा-गोंदिया एक्सप्रेस बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच, 23, 35, 26 अगस्त को 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना बिलासपुर में समाप्त कर बिलासपुर से रायगढ़ के बीच, 25, 27, 28 अगस्त को 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रायगढ़ के स्थान पर बिलासपुर से रवाना की जाएगी। यह गाड़ी बिलासपुर से रायगढ़ के बीच रद्द रहेगी।

### यह ट्रेनें होगी रद्द

23 से 26 अगस्त तक 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस।
24 से 27 अगस्त 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस।
23 अगस्त को 20822 सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस।
25 अगस्त को 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस।
22 अगस्त को 12870 हावड़ा-मुम्बई एक्सप्रेस।
24 अगस्त को 12869 मुम्बई-हावड़ा एक्सप्रेस।
25 अगस्त को 22846 हटिया-पुणे एक्सप्रेस।
27 अगस्त को 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस।
27 अगस्त को 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस।
30 अगस्त को 20814 जोधपुर-पूरी एक्सप्रेस।
23 अगस्त को 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस।
24 अगस्त को 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस।
27 अगस्त को 22358 गया-कुर्ला एक्सप्रेस।
27 अगस्त को 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस।
29 अगस्त को 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस।
22 अगस्त को 17321 वास्को द गामा-जसीडीह एक्सप्रेस।
25 अगस्त को 17322 जसीडीह-वास्को द गामा एक्सप्रेस।
21 अगस्त को 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस।
24 अगस्त को 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस।
23, 25, 26 अगस्त को 12101 कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस।

### यार्ड मॉडिफिकेशन में 26 ट्रेनें रद्द



बिलासपुर से झारसगुड़ा सेक्शन के बीच रायगढ़ रेलवे स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने के लिए नान इंटरलाकिंग कार्य 31 अगस्त से 15 सितम्बर तक करने का काम होगा।

इस दौरान 30 अगस्त को हावड़ा से रवाना होने वाली 12222 हावड़ा-पुणे दूरंतो एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, लाखोली, रायपुर होकर, 1 सितम्बर को पुणे से रवाना होने वाली 12221 पुणे-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रायपुर, लाखोली, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर, 29 अगस्त व 1 सितम्बर को 12262 हावड़ा-मुम्बई दूरंतो एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, लाखोली, रायपुर होकर, 31 अगस्त व 2 सितम्बर को 12261 मुम्बई-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रायपुर, लाखोली, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर, 30 अगस्त व 1 सितम्बर को 12101 कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रायपुर, लाखोली, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर, 1 व 3 सितम्बर को 12102 शालीमार-कुर्ला एक्सप्रेस झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, लाखोली, रायपुर होकर चलेगी। वहीं 31 अगस्त से 15 सितम्बर तक 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा-गोंदिया पैसेंजर बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच झारसुगुड़ा से बिलासपुर के बीच, 30 अगस्त, 1, 2, 3, 4, 6, 8, 9, 10, 11, 13 सितम्बर को 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंड़वाना एक्सप्रेस बिलासपुर एवं रायगढ़ के बीच, 1, 3, 4, 5, 6, 8, 10, 11, 12, 13, 15 सितम्बर को 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन गोंड़वाना एक्सप्रेस रायगढ़ के स्थान पर बिलासपुर से निजामुद्दीन के लिए रवाना की जाएगी। 31 अगस्त एवं 1, 2, 3, 4, 5, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 14, 15 सितम्बर को 12070 गोंदिया-रायपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस बिलासपुर में समाप्त कर बिलासपुर से रायगढ़ के बीच रद्द की जाएगी। 1, 2, 3, 4, 5, 6, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 15, 16 सितम्बर को 12069रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी रायगढ़ के स्थान पर बिलासपुर से गोंदिया के लिए रवाना होगी।

### रद्द की जाएंगी 30 ट्रेनें

30 अगस्त से 2 सितमबर तक 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस।
31 अगस्त से 3 सितम्बर तक 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस।
3 सितम्बर को 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस।
3 सितम्बर को 18110 इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस।
30 अगस्त को 20822 सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस।
01 सितम्बर को 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस।
31 अगस्त को 22512 कामख्या-कुर्ला एक्सप्रेस।
2 सितम्बर को 22511 कुर्ला-कामख्या एक्सप्रेस।
29 अगस्त एवं 1 सितम्बर को 22846 हटिया-पुणे एक्सप्रेस।
31 अगस्त एवं 3 सितम्बर को 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस।
27 अगस्त को 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस।
30 अगस्त को 20814 जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस।
30 अगस्त को 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस।
31 अगस्त को 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस।
30 अगस्त को 13425 मालदा-सूरत एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों को रद्द की जाएगी।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व विभाग संघ चालक देशपांडे को दी विदाई



**बिलासपुर।** वंदे मातरम मित्र मंडल की बैठक जल संसाधन विभाग कार्यालय परिसर स्थित प्रार्थना भवन में हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व विभाग संघ चालक प्रदीप देशपांडे को पुणे शिफ्ट होने पर विदाई दी गई।

बैठक में एसएसपी रजनेश सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक राजकुमार सचदेव, एयू के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रांत सचिव प्रफुल्ल शर्मा सहित वन्दे मातरम् मित्र मंडल के सदस्य मौजूद थे। प्रदीप देशपांडे एवं प्रीति देशपांडे को शाल श्रीफल मोमेंटो एवं पौधा महेंद्र जैन, राजीव नयन शर्मा, अनन्य शर्मा, एस एन तिवारी, प्रकाश लाल, जय सिंह चंदेल, डॉ केके साव ने प्रदान किया।

मंच का संचालन पृथ्वी सहगल ने किया। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र जैन ने वंदे मातरम के गठन अब तक के किए कार्य, आगे की योजना और आवयश्कता पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रदीप देशपांडे के त्याग और समर्पण पर चर्चा की। एसएसपी ने वन्दे मातरम मित्र मंडल के कार्यों की सराहना की और समाज में सजगता और जागरूकता के लिए वंदे मातरम मित्र मंडल द्वारा सहयोग की सराहना की। विभाग संघ चालक राजकुमार सचदेव ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में समाज के हर वर्ग में संघ ने अपनी पहुंच बनाई है।

प्रफुल्ल शर्मा, आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई ने कहा कि प्रदीप देशपांडे के पुणे प्रवास पर वे संघ सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे। शोभा त्रिपाठी के द्वारा रचित अभिनंदन पत्र जो कि प्रदीप देशपांडे के सम्मान में पठन किया। कार्यक्रम में चंद्रप्रकाश बाजपेई, प्रकाश लाल, सुधाकर सारस्वत दामोदर सक्सेना प्रवेश पूरी पार्थो मुखर्जी आदि उपस्थित थे।

## पंजाबी बैडमिंटन लीग सीजन एक रहा रोमांचक





**बिलासपुर।** पंजाबी समाज द्वारा आयोजित "पंजाबी बैडमिंटन लीग सीजन 1 में समाज के बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह, अनुशासन तथा आपसी सौहार्द के साथ इसे ऐतिहासिक बना दिया।

लीग के विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और खेल भावना के साथ मुकाबले को रोमांचक और प्रेरणादायक बनाया। प्रतिभागियों ने यह सिद्ध कर दिया कि पंजाबी समाज न केवल सांस्कृतिक रूप से समृद्ध है, बल्कि खेलों के क्षेत्र में भी संगठित और सक्रिय है। 7 से 10 वर्ष वर्ग में रुबानी कौर भाटिया, अंशवीर सिंह खनूजा 11 से 15 वर्ष वर्ग में गुरलीन कौर, विवेकानंद जुनेजा 15 से 30 वर्ष डबल्स में पवित छाबड़ा, मनराज छाबड़ा,आशु गंभीर,अथर्व गंभीर 30 से 45 वर्ष डबल्स में प्रिंस भाटिया, हरदीप गंभीर,गुरदीप सिंह,जसप्रीत सिंह 45 प्लस डबल्स में पविंदर रजपाल, चिंटू अरविंद छाबड़ा,सतपाल छाबड़ा, देवेंद्रपाल मक्कड़,विमेन डबल्स में पूनम भाटिया, शीना छाबड़ा, सहजप्रीत कौर, सोनल जुनेजा कपल्स डबल्स में डॉ. हरदीप, डॉ. खुशब, गुरदीप सिंह, प्रियंका जीते। इस आयोजन के माध्यम से न केवल खिलाड़ियों को एक मंच मिला, बल्कि समाज में आपसी सहयोग, सौहार्द और प्रेरणा की भावना को भी मजबूती मिली। आयोजकों ने बताया कि यह महज़ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एकता, संस्कृति और खेल भावना का उत्सव था।

## एवीएम स्कूल का बुलबुल दल राज्य स्तरीय कब-बुलबुल उत्सव में प्रतिभागी बना



**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य के तत्वावधान में राज्य स्तरीय कब-बुलबुल उत्सव एवं हिरक पंख चतुर्थ चरण जांच शिविर का शुभारंभ साइंस कॉलेज मैदान सरकण्डा में हुआ। 4 दिवसीय इस शिविर का समापन 5 अगस्त को होगा।

इस शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य के 15 जिलों से 400 चयनित कब-बुलबुल प्रतिभागी एवं 41 प्रभारी अधिकारी भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में आधारशीला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के अदिति सायरा, आयुषी साहू ,रितु हजरा, देविका कोरी, दीक्षा साहूर माही यादव आदि शामिल हैं। शिविर का उद्देश्य बच्चों में सेवा, सहयोग, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण को प्रोत्साहित करना है। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि मेयर पूजा विधानी थी। अध्यक्षता डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने की। विशिष्ट अतिथि कैलाश सोनी, विजय कुमार टंडे, चन्द्रप्रकाश बाजपेयी, विजय यादव उपस्थित रहें। इस अवसर पर कब बुलबुल का प्रतीक-चिह्न (लोगो) का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी ने कहा कि स्काउटिंग ने मुझे आत्मविश्वासी, सशक्त और कर्तव्यनिष्ठ बनाया है। डॉ. सोमनाथ ने कहा कि बाल्यावस्था में ही सेवा, नेतृत्व और राष्ट्रीय चेतना का भाव विकसित हो, यही स्काउटिंग का उद्देश्य है।

समारोह का संचालन शैलेन्द्र मिश्रा ने आभार व्यक्त कैलाश सोनी ने किया। समारोह में लता यादव, महेंद्र टंडन, निधि कश्यप आदि का सहयोग रहा। आधारशिला के चेयरमैन, डा अजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर संजीव कुमार जनास्वामी तथा प्राचार्या जी आर मधुलिका ने बुलबुल दल और कार्यक्रम अधिकारी रत्ना कश्यप को बधाई दी।

## एक दिवसीय सिलाट मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप का समापन

**बिलासपुर।** दूसरी छत्तीसगढ़ स्टेट पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन जिला सिलाट एसोसियेशन के तत्वावधान में त्रिवेणी भवन में किया गया।

प्रतियोगिता में 14 जिलों के 250 खिलाड़ी 50 कोच मैनेजर और निर्णायक मंडल भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद एवं पूर्व योग आयोजन के सदस्य रविंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष मनीष बाग, पंचक स्लेट मार्शल आर्ट के प्रदेश महासचिव शेख समीर, कार्यक्रम आयोजन के अध्यक्ष यू मुरली राव थे। सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पुरस्कार वितरण और समापन समारोह के दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर पलक जायसवाल ने, विशिष्ट अतिथि डीएसपी श्रीमती कविता धुर्वे, आयोजन अध्यक्ष यू मुरली राव जी, छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील मिश्रा, फ्यूचर साइन स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इमरान खान थे। आयोजन अध्यक्ष यू मुरली राव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता आत्मरक्षा के साथ बेहतर स्वास्थ्य की शक्ति और उनकी क्षमताओं को बढ़ावा देने का एक उत्तम अवसर है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन अध्यक्ष यू मुरली, पेंचाक सिलाट संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष बाग, महासचिव शेख समीर, समाज सेवक बबलू केशरवानी, जिला प्रमुख शेख अरबाज अली, खुशबू पाण्डेय, अलवेणी राव, आशीष अहिरवार का सहयोग रहा।

## सैंडबॉक्स के विद्यार्थियों ने स्केटिंग स्पर्धा में जीते मेडल



**बिलासपुर।** सैंडबॉक्स इनोवेशन के विद्यार्थियों ने सीबीएसई फार ईस्ट क्षेत्र स्केटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान को गौरवान्वित किया है। कोच तन्मय नायर के मार्गदर्शन में छात्रों ने विभिन्न श्रेणियों में शानदार पदक अर्जित किए। इसमें विजेता छात्रों में प्रणव सिंह – 1 स्वर्ण, स्मृति कुजूर - 1 स्वर्ण, सुहानी अग्रवाल 1 स्वर्ण, 1 रजत, ऐश्वर्या अरुण 1 रजत, 1 कांस्य, अशिम शर्मा 1 रजत। इन उपलब्धियों ने सैंड बॉक्स इनोवेशन की प्रतिभा, मेहनत और जुनून को दर्शाया है। संस्था ने सभी विजेताओं को बधाई दी और कोच तन्मय नायर को उनके समर्पित मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद प्रकट किया।

## राज्य स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता 7 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के द्वारा आयोजित चौथी राज्य स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन 7 अगस्त को बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। एथलेटिक्स संघ के प्रवक्ता हेमंत सिंह परिहार ने बताया कि प्रतियोगिता ओपनिंग के मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, अध्यक्षता खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ए एक्का होंगे। विभाग यह आयोजन नीरज चोपड़ा महान एथलीट के भाला फेंक प्रतियोगिता में ओलंपिक में प्रथम बार गोल्ड मेडल भारतीय इतिहास में पहली बार प्राप्त होने पर कर रहा है। समापन के मुख्य अतिथि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के मुख्य भंडार प्रबंधक नवीन सिंह, अध्यक्षता द्रोणाचार्य अवार्डी जसविंदर सिंह भाटिया होंगे। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह है। खेल के हर क्षेत्र में जीत करने भरसक प्रयास किया जा रहा है।

# धार्मिक यात्रा के पहले चरण में सुल्तानगंज पहुंचे कौशिक



**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक अपनी धार्मिक यात्रा के प्रथम चरण में सोमवार को देवघर पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस देवघर से सुल्तानगंज गंगा घाट की ओर जल संग्रह करने प्रस्थान किया।

सुल्तानगंज गंगा घाट में पवित्र गंगास्नान कर अजगैबीनाथ मंदिर में जलाभिषेक एवं विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही क्षेत्र व प्रदेशवासियो समृद्धि और विकास हेतु मंगल कामना की। इसके उपरांत सुल्तानगंज से गंगाजल संग्रह कर बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर में दर्शन एवं जलाभिषेक हेतु श्रद्धाभाव से प्रस्थान किया। इस मौके पर कौशिक ने कहा की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह बाबा बैजनाथ धाम, बाबा वासुकिनाथ मंदिर, कालीघाट मां काली और कामाख्या देवी के दर्शन हेतु यह यात्रा प्रारम्भ हुई है। यह यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि श्रावण मास में भगवान शिव के चरणों में आत्मा को समर्पित करने का एक पावन अवसर है। इस पुण्य अवसर पर क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, बेलतरा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह एवं डॉ. देवेंद्र कौशिक, पुष्पेंद्र कौशिक, शरद कुमार वर्मा, दुर्गेश कौशिक, परमानंद बजाज, विनोद कुमार खत्री, नरेंद्र पाल, उत्कर्ष तिवारी, सतीश शर्मा, विष्णु बिंदल, पवन अग्रवाल, सुमित गुप्ता, नारायण कुमार शर्मा, मोहन डोरिया, राज कुमार खेत्रपाल, अमित बग्गा, योगेश अग्रवाल और राकेश कुमार निर्वाण समेत अन्य मौजूद थे।

## दूर-दूर से सिद्धबाबा आश्रम पहुंचते हैं श्रद्धालु

# श्री सिद्धबाबा आश्रम भक्तों के लिए बना आस्था का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलगहना

कटनी रेलमार्ग पर स्थित श्री सिद्धबाबा अद्वैत परमहंस आश्रम आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां दर्शन के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। प्राकृतिक छंटा के बीच स्थापित आश्रम में पहुंचकर मन शांत और चित्त स्थिर हो जाता है। मैकल श्रेणी, विंध्य और सुमेरु पर्वत का मूल आधार है, यही से तीनों पर्वत की श्रेणियां प्रारंभ होती है।

यहां शंभूमूर्ति के रूप में शास्त्रों के अनुसार पंचशील शिव, गणेश, भैरव, हनुमान, सिद्धपुरुष पांचों का स्वरूप एक ही मूर्ति में दर्शन किए जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि सृष्टि के प्रारंभ से ही यहां पर विराजित है। 18वीं, 19वीं शताब्दी से आज तक सिद्ध महापुरुषों की तपो स्थली बनीं हुई है। 19वीं सदी के लगभग दक्षिण पूर्व रेलवे बिलासपुर मध्य भारत तथा उत्तर भारत को जोड़ने के लिए रेल लाइन का निर्माण किया गया। इस पर्वत श्रृंखला में अनेक वन, गुफा, औषधि, वृक्ष, वन जीव, तथा पर्वत के ऊपर एक छोटा सा कुंड है उसके ऊपर पत्थर नाग-





नागिन का आकार लिए हुए है, जो इसको ढका रहता है, लोग इसे नाग-नागिन कुंड कहते हैं। स्वामी सदानंद महाराज के 51 साल का त्याग और तपस्या से आज आश्रम का काफी विकास हो चुका है। स्वामी जी महाराज प्रेम और करुणा साक्षात स्वरूप थे, उनकी दया भाव से प्रभावित होकर आदिवासी अंचल एवं शहरी क्षेत्र के लोगों (भक्तों) मन मंदिर में आराध्य भगवान के रूप में विराजते है। उनकी दया और कृपा से लोग बड़ी बड़ी कठिनाइयों को आसानी से पार कर लेते है। परम आराध्य स्वामी जी द्वारा ग्यारह रुद्र की ग्यारह आवृति करते हुए रुद्र अति मात्रा के अनुसार पारदेश्वर शिवलिंग की स्थापना की गई है, जो पूरे विश्व में अद्वितीय है। पूज्यश्री स्वामी जी महाराज के आगमन के उपरांत से यहां अनवरत भंडारा एवं आने वाले को आश्रम में पूरी व्यवस्था होती है। स्वामी जी महाराज के प्रिय शिष्य स्वामी शिवानंद महाराज बाल्यकाल 6 वर्ष के उम्र से त्याग, तपस्या गुरुसेवा में अपना सर्वस्व (जीवन) अर्पण करते हुए, सदगुरु भगवान, संत महात्मा महापुरुषों के परम सानिध्य में शिक्षा, दीक्षा, संगीत का अध्ययन प्राप्त किए आज उन्हीं के देख रेख (मार्गदर्शन) में बेलगहना सहित 36 आश्रमों जैसे जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, खासतौर पर छत्तीसगढ़ के सभी आश्रमों का सहज संचालन स्वामी शिवानंद जी महाराज के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

# अटल ने बूढ़ा महादेव में किया जलाभिषेक




**कोटा।** सावन के अंतिम सोमवार को कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा के शक्ति स्थल रतनपुर के प्रसिद्ध बूढ़ा महादेव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया एवं क्षेत्र की खुशहाली के साथ जिले और प्रदेश में सुख शांति की कामना की।

श्री श्रीवास्तव ने बेलपान से चलकर बड़ी संख्या में पहुंचे कवरियों का अपने साथियों के साथ स्वागत किया। श्री श्रीवास्तव के साथ रतनपुर शहर कांग्रेस के पदाधिकारी कांग्रेस के पार्षद एवं साथी बड़ी संख्या में कांवरियों के स्वागत में उपस्थित थे। विधायक अटल श्रीवास्तव के द्वारा भोग का वितरण भी कवरियों एवं भगवान शंकर के भक्तों को किया गया। रतनपुर से विधायक अटल श्रीवास्तव गोरेला पेंड्रा गए तथा जलेश्वर महादेव का दर्शन किया।

## अमरकंटक जलेश्वर महादेव में शिव भक्तों ने चढ़ाया जल

**सेतगंगा/मुंगेली।** शिव भक्तों ने बीजातराई से अमरकंटक जलेश्वर महादेव में जल चढ़ाया और वहां से सिद्धि विनायक मंदिर दर्शन किया। पूर्व सरपंच मनोहर गबेल के द्वारा 40 लोगों को अमरकंटक भ्रमण रहने खाने का इंतजाम किया। जिसमें कामता प्रसाद गबेल, जगतारन गबेल, कुलेश गबेल, कपिल चौबे, धनराज लोहार, मेघनाथ निर्मलकर और सभी साथी 25 वर्ष से मां नर्मदा स्नान करते आ रहे हैं।

# मोपका के शिव मंदिर में लगा भंडारा



**मोपका।** सावन सोमवार के अंतिम अवसर पर सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी गई। इस अवसर पर भक्तजन ने सुबह से ही बेलपत्र चावल फूल दूध लेकर शिव की पूजा की और अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर मोपका के नया तालाब के पास शिव मंदिर में गोड परा सहित भक्तजन अपने कामना के लिए भंडारे का आयोजन कर देर रात्रि तक प्रसाद वितरण किया।

# मल्हापारा मंदिर में किया गया भगवान का विशेष श्रृंगार

**मुंगेली।** माह भर से चल रहे श्रावण मास का अंतिम सोमवार को मंदिरों में श्रद्धालु भक्तजनों की भीड़ लगी रही। मल्हापारा स्थित शंकर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर में सावन झूला भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। मंदिर में खीर-पुड़ी, सब्जी, केला का प्रसाद वितरण किया गया। अंतिम सोमवार पर आज शहर सहित अंचल के शिवालयों में धार्मिक अनुष्ठान चलते रहा। मंदिर में महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया जाता रहा।

सावन माह में अंतिम सोमवार होने के कारण मंदिर परिसर श्रद्धालु भक्तजनों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुगण अपने घर के आसपास के शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने पहुंचे और शिवलिंग पर पंचामृत दूध, दही, शहद, शक्कर, मिश्रित, जल के साथ बेल पत्ता, फूल, आक, धतूरा श्रीफल अर्पित किये। महिलाएं भी पूजन थाल लेकर मंदिर पहुंची और विधिविधान से पूजा-अर्चना किये। खेमगिर महादेव शिवलिंग के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। खेमगिर महादेव, सोनार पारा स्थित शिव मंदिर, खर्राघाट स्थित महादेव सहित शहर के शिवालयों में सुबह से शाम तक भक्तों की भीड़ लगी रही। सावन का अंतिम सोमवार को आज मंदिरों में अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा भीड़ देखी गयी। क्षेत्र के खेमगिर महादेव, सोनारपारा स्थित शिव मंदिर, खर्राघाट स्थित महादेव सहित शहर के मंदिर समेत सभी शहरी एवं ग्रामीण ईलाकों में स्थित देवालयों में अंतिम सावन सोमवार के मद्देनजर मंदिर समितियों के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। श्रद्धालु आज उत्साहपूर्ण वातावरण में भगवान शिव का अभिषेक पूजा अर्चना करते रहे।



मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालुजन।

# बछेरा स्कूल में किया रुद्राभिषेक



**गीधा/मुंगेली।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बछेरा में पंच द्रव्य से शिवलिंग अभिषेक एवं श्रावण झूले का आयोजन शिक्षक लक्ष्मीकांत जड़ेजा, शिक्षिका सरिता पांडेय के मार्गदर्शन में किया गया। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साह पूर्वक श्रावण मास की अंतिम सोमवार को विद्या, देविका, चांदनी, नीलम, माही, प्रिया, हिमानी, श्वेता, सरिता, तीजिया, सविता, आशी, कविता, बुद्धेश्वरी, विधि, मीरा, खुशी, मानसी, मुस्कान के द्वारा अंतिम श्रावण सोमवार भगवान शिव शंकर की पूजा की गई। सभी छात्राओं के द्वारा शिवलिंग बनाकर विद्यालय में लाया गया था।

# पातालेश्वर महादेव में सुबह से लगी भक्तों की कतार



**मल्हार।** सावन माह के चौथे व अंतिम सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान पातालेश्वर महादेव का दर्शन व पूजन तथा जलाभिषेक कर मनवांछित फल की कामना की। धार्मिक नगरी मल्हार में सावन माह शुरू होते ही शिवभक्तों के आने का शिलशिला प्रारंभ हो गया था, जो कि पूरे माह चलता रहा। ऐसे ही इस बार भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे।

विषेकर अंतिम सोमवार को स्थानीय लोगों के अलावा दूरस्थ अंचल से भी यहां पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भोले नाथ को प्रसन्न करने विशेष पूजा की। कांवड़यिों के कई जत्थे भी बोल बम का नारा लगाते पहुंचे जिससे पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बना रहा। सुबह से ही हर हर महादेव के जयकारे गूंज रहे थे, इससे पहले सैकड़ों श्रद्धालुओं ने तो ब्रम्ह मुहूर्त में ही पूजन व जलाभिषेक कर लिया था। सबसे ज्यादा भीड़ युवतियों और महिलाओं की रही जो शिवजी को प्रसन्न करने पूजा की थाली में दूध, गंगाजल, पंचामृत, शहद, भांग, बेलपत्र, कनेर, धतूरा, चावल व अन्य प्रकार के पूजन सामग्रियों को लेकर मंदिर पहुंचकर पूजा पाठ कर मनवांछित फल की कामना की। अंतिम सोमवार को शिवभक्तों ने मंदिर परिसर में प्रसाद का स्टाल लगाकर खीर पूड़ी, हलवा,लड्डू, फल, पानी आदि का विरतण कर हजारो लोगों की सेवा की।

# कांवड़ यात्रा का नगर में किया गया जगह-जगह स्वागत



**तखतपुर।** सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए केकती से नर्मदाधाम बेलपान तक के लिए सरपंच शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में कांवर यात्रा का मुस्लिम समाज ने हरदी में स्वागत किया।

सावन के अंतिम सोमवार में शिवालयों में भारी भीड़ रही सुबह से ही भक्तों का सिलसिला महादेव को अभिषेक करने के लिए पहुंचे थे और अपनी अपनी श्रद्धा के अनुसार भक्त पदयात्रा करते हुए या वाहनों में बेलपान पहुंचे और भगवान नर्मदेश्वर का पूजा अर्चना के साथ अभिषेक किया। केकती से सरपंच शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में भव्य कांवर यात्रा निकली जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए बाजे गाजे की धून में ओम नमः शिवाय मंत्र का उच्चारण करते हुए भक्त बेलपान पहुंचें जहां नर्मदा कुण्ड में स्नान कर महादेव का जलाभिषेक किए और जगह जगह कांवर दल का स्वागत ग्रामीणों ने किया जिसमें प्रमुख रूप से हरदी में मुस्लिम समाज के लोगों जावेद जायसी के नेतृत्व में पार्षद इस्लाम अंसारी, साकिर जायसी, करीम कुरैशी, सलीम भाई ने कांवर यात्रा का स्वागत कर आपसी भाई चारा का संदेश दिया। कांवर यात्रा का जिला पंचायत सदस्य भारती माली, शैलेंद्र सिंह, अभ्युदय तिवारी, अश्वनी शर्मा, कोमल सिंह ठाकुर, अजय यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बूढ़ा महादेव में लगा कांवड़ियों का मेला, सैंकड़ों की संख्या में पहुंचे



**रतनपुर।** धार्मिक नगरी में सावन के अंतिम सोमवार को भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। स्थानीय भक्तों के साथ कावड़िए भी पवित्र घाटों से जल लेकर भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए पहुंचे। जल के साथ भोलेनाथ को धतूरा, बेलपत्र ,आंक के फूल अर्पित किए गए। शिवलिंग का दूध ,दही, शहद, पंचामृत से अभिषेक किया गया।

पूरे परिसर में हर हर महादेव, बोल बम और जय शंभू के नारे गूंजते रहे। प्रातः मंदिर के पुजारी द्वारा भोलेनाथ की महाआरती की गई, जिसके पश्चात जलाभिषेक और पूजन का क्रम आरंभ हुआ। कतार बद्ध शिव भक्तों ने भोलेनाथ से सुख, समृद्धि ,शांति की कामना करते हुए उनका जलाभिषेक किया। रतनपुर स्थित महामाया मंदिर के साथ ही बूढ़ा महादेव मंदिर भी अति प्राचीन और विश्व प्रसिद्ध मंदिर है। जिसके प्रति गहरी जन आस्था है, यही कारण है कि दूर दूर से शिव भक्त सावन के अंतिम सोमवार को यहां दर्शन पूजन और जलाभिषेक के लिए पहुंचे । वैसे तो सावन के पूरे महीने ही यहां शिव भक्तों के पहुंचने का क्रम जारी रहा, लेकिन सभी सोमवार, विशेषकर सोमवार को यहां शिव भक्तों का रेला उमड़ पड़ा और हर तरफ कांवड़ियों का मेला नजर आया।

# अंचल के शिवालयों में कावरियों के बोलबम की रही गूंज



**लोरमी।** पवित्र सावन महीने के आखिरी सोमवार को बोल बम कांवरिया समिति द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ियों ने शिव घाट मंदिर से जल लेकर बाबाघाट शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। इस दौरान नगर एवं क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में बोलबम की गूंज से भक्तिमय माहौल हो गया।

कांवड़ यात्रा में यह छोटी कांवड़ यात्रा हर साल बोल बम कांवरिया समिति लोरमी के द्वारा किया जाता है। बाबाघाट में शिवलिंग के सामने नन्दी महराज की मूर्ति की स्थापना की गई। कांवड़ यात्रा में राजकुमार ढीमर, सोहन डड़सेना पार्षद, संजय राजपूत, सूरज राजपूत, आशीष सोनी, विनोद साहू, मुकेश जायसवाल, सोनू डड़सेना, पुकु वैष्णव, रागिनी डड़सेना, नंदिता डड़सेना, पूर्णिमा, लिटिल मास्टर टीम, अंश भव्या, तन्नू, हर्षिता, आदि मौजूद रहे।

## बाबा तालाब शंकर देव मंदिर में हुई विशेष पूजा

**दगोरी।** श्रावण मास के आखिरी सोमवार को क्षेत्र के बाबा तालाब शंकर देव मंदिर, ग्राम देवता माता चौरा, गौरा चौक, अमेरी अकबरी स्थित बेल भावर, देवरानी जेठानी मंदिर भगवान रुद्र देव इत्यादि सभी मंदिर देवालय में सुबह से भक्तों की कतार लगी रही। माह के अंतिम सोमवार होने से लोग सुबह से ही शिवनाथ नदी, मनियारी नदी पर स्नान कर देवों के देव महादेव भगवान शिव की पूजा आराधना में लगे रहे। बहुतायत की संख्या में श्रद्धालु उपवास रखकर संध्या पूजा आराधना पश्चात प्रसाद वितरण देवी मंदिरों में किया गया। सैकड़ों की संख्या में भक्तजन उपस्थित होकर पूजा आराधना करते रहे। सभी वर्ग की महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी ने बड़े ही श्रद्धा भक्ति उत्साह के साथ भगवान भोलेनाथ शिव की पूजा आराधना में लीन रहे।

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रीति ताटीबंदवाले पति स्व. श्री प्रवीण ताटीबंदवाले पता- लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास, एकता मार्ग कोटा वार्ड नं. 23, जीवन ऑटो सेंटर की गली, रायपुर, रवि शंकर यूनिवर्सिटी, रायपुर (छ.ग.) एवं श्रीमती प्राची ताटीबंदवाले पिता स्व. श्री प्रवीण ताटीबंदवाले, साकिन- आर.एस. प्रॉविजन स्ट्रीट, आशीर्वाद भवन, नेहरू नगर, बिलासपुर, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.) के नाम से पटवारी हल्का नंबर 21/34, राजस्व निरीक्षक मंडल- सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में खसरा क्रमांक 373/6, रकबा 0.0160 हे. (1650 वर्ग फुट) में निर्मित एक मंजिला मकान, जो नेहरू नगर, बिलासपुर में स्थित है, जिसे मेरे पक्षकार - श्री द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, पिता स्व. श्री रामखिलावन अग्रवाल निवासी प्लाट नंबर 229, अलका एवेन्यू टाउनशिप, उसलापुर तहसील- तखतपुर, जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए अग्रिम राशि बयाना बतौर प्रदान किए गए हैं।

यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति संस्था व अन्य जो उक्त भूमि पर अपना हित रखता हो तथा यदि किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि समाप्त होने के बाद की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी तथा मेरे पक्षकार उक्त मकान के पंजीयन करने हेतु स्वतंत्र होंगे, अस्तु सूचना जाने।

अमित कुमार साहू
अधिवक्ता, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ
मुन्नुलाल स्कुल के सामने, गोंडपारा,
जिला - बिलासपुर (छ.ग.)
मो. नं. 8109719905, 9827178248

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील पार्थ सारथी भट्टाचार्य पिता श्री परिमलचंद भट्टाचार्य निवासी सांई रिजेन्सी कॉलोनी सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर पर नाम से ग्राम लिंगियाडीह प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर में खसरा 54/194 रकबा 0.0320 हे. में से 1200 वर्ग. 20X60 पर भूमि स्थित है, जिसे मेरे पक्षकार श्री/श्रीमती ज्योति पति श्री गोपीचंद सूर्यवंशी निवासी लिंगियाडीह तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए अग्रिम राशि बयाना बतौर प्रदान किये हैं। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो उक्त भूमि /मकान फ्लैट पर अपना हित रखता हो, को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी, तब मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी, तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि के पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे। अस्तु सूचना जानें।

दिनांक: 05/08/25

राममनोहर दुबे
अधिवक्ता नोटरी
स्टेट बैंक के सामने,
नया सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9827173623,
क्रेता - 8103964517, 7000744371

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्रीमती सुषमा तिवारी पति श्री संजय तिवारी निवासिनी म.नं. सी- 05 सोन गंगा कालोनी, सीपत रोड़ बिलासपुर, तह. व जिला बिलासपुर छ. ग. से अधिकृत हो उसके निर्देशानुसार जन सामान्य अवगतार्थ निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशित करता हूं, अवगत होवें :-

मेरे उपरोक्त पक्षकार ने मौजा रमतला प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. कोनी तह. व जिला बिलासपुर स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि सहखातेदार हिराबाई साहू पति महावीर साहू जाति तेली निवासिनी डी.पी. लॉ कालेज के पास अशोक नगर चांटीडीह, बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. व सुमित्रा बाई पति गेंदराम साहू निवासिनी ग्राम भठलीखुर्द पो. सेमरसल थाना जरहागांव तह. व जिला मुंगेली के स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ख.क्र. 925/6 रकबा 0.0200 हे. भूमि स्थित है को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम अनुबंध की राशि अदाकर अनुबंध पत्र निष्पादित कराया है, तथा शीघ्र ही शेष राशि अदाकर पंजीयन हेतु तत्पर है।

उपरोक्त हुए संव्यवहार में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय या वह जो उक्त भूमि के किसी भी अंश में अपना हित रखता हो वह 15 दिवस के भीतर अपना आपत्तिमय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकता है समयावधि पश्चात किया गया आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा पंजीयन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जाने !

दिनांक:- 04.08.2025

भवदीय
प्रीत प्रकाश सिंह अधिवक्ता
गोविंदपुरम महामाया नगर
बिरकोना बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 7999959460

**मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र**

(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)

पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 570/RTO/25 दिनांक 18/07/2025

श्री **रेवा शंकर साहू** (रजिस्टर्ड)। है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **चोलामण्डलम इंवेस्टमेंट एण्ड फा.कं.लि.** (Financio) है / ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या **सीजी 10 बी.टी. 8243** एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे। उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और:

1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।, 2. आप फरार हो गए हैं।

उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन की स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।

तारीख.....

Registered Authorty
Bilaspur(C.G)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक- 258/ अ-20(1)/2024-2025

पक्षकार:- अशोक कुमार कौशिक एवं 2 अन्य... आवेदक
विरुद्ध
छत्तीसगढ़ शासन ... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार कौशिक पिता स्व. छेदीलाल कौशिक निवासी आई.जी. ऑफिस रोड बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वतः / अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चाटापारा शीट नंबर 01 प्लाट नंबर 14/51 रकबा 3108 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय/ व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके श्रीमती पुष्पा कौशिक नाम से स्वीकृत हैं। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31/03/2024 के लिये आवेदक/ आवेदिका अगले 30 वर्षो के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक/ आवेदिका की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है। अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 20/08/2025 को स्वतः / अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5.30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि/ समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदक/ आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 04/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय श्रीमान सप्तम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस/समंस**

संध्या दुबे वगैरह.......................वादी
विरूद्ध
नगर पालिका निगम वगैरह..........प्रतिवादी

प्रकरण क्रमांक - 384/2022
आदेश दिनांक - 24.07.2025
पेशी दिनांक - 18.08.2025
प्रोसेस क्रमांक -20/2025

इस न्यायालय में वादी संध्या दुबे वगैरह ने प्रतिवादी क्रमांक -06 (ब) सुनील, आशीष कुमार पिता-कमल किशोर केशरवानी, निवासी-जबड़ापारा, गली नंबर -03, नया सरकण्डा, तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग. एवं प्रतिवादी क्रमांक - 6(स) श्रीमती भावना केशरवानी पति-दिलीप केशरवानी द्वारा रामसेवक सरस कुमार निवासी-मौजीसन होटल मेन रोड धनपुरी बरैला, जिला-जबलपुर (म.प्र.) के विरुद्ध वाद संस्थित किया है, जिसमें आप लोगों की पेशी दिनांक-18.08.2025 को पेशी नियत है जिसमें आप लोगों की उपस्थिति नियत है।

उक्त भूमि दिनांक-18.08.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं नियत पेशी दिनांक तक कोई जवाब प्राप्त न होने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक-18.08.2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है अथवा सार्वजनिक अवकाश घोषित अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते हैं तो उसके अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 30/07/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

दिनांक: 30/7/2025
स्थान: बिलासपुर

(हितेश कुमार वलेचा)
श्रीमान सप्तम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर, बिलासपुर (छ.ग.)**

सुशील अग्रवाल आ. स्व. रामरूवरूप अग्रवाल, निवासी सी-1 सी-2/24 वीर सावरकर भवन के पीछे, एम.पी. नगर निहारिका कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) .......................अपीलार्थी

विरूद्ध

मुरलीधर अग्रवाल आ. स्व. नाथुराम अग्रवाल, निवासी आभा ज्वेलर्स के सामने सदर बाजार जूनीलाईन बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. + 18 अन्य ..............................उत्तरवादीगण

रा.प्र.क्र. 202502071800005/37-6,
पेशी दिनांक 14.08.2025

उपरोक्त प्रकरण में अपीलार्थी सुशील अग्रवाल आ.स्व.रामरूवरूप अग्रवाल निवासी सी-1 सी-2/24 वीर सावरकर भवन के पीछे एम पी नगर निहारिका कोरबा तहसील व जिला कोरबा छ.ग. द्वारा इस न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक 28/अ-6/1995-96 पक्षकार बिपिन बिहारी व अन्य विरूद्ध छ.ग. शासन में पारित आदेश दिनांक 09.10.2009 से क्षुब्ध होकर इस न्यायालय छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के अंतर्गत अपील प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 14.08.2025 को नियत है। अतः उत्तरवादी क्रमांक 1 मुरलीधर अग्रवाल आ. स्व. नाथुराम अग्रवाल निवासी आभा ज्वेलर्स के सामने जूनीलाईन बिलासपुर, उत्तरवादी क्रमांक 6. बिंदिया अग्रवाल आत्मज स्व. मुरारीलाल अग्रवाल, उत्तरवादी क्रमांक 7. श्रीमती नीलू अग्रवाल पति स्व. सुनील अग्रवाल, उत्तरवादी क्रमांक 8. अर्पित अग्रवाल पिता स्व. सुनील अग्रवाल, उत्तरवादी क्रमांक 9. नेहा अग्रवाल आत्मज स्व. सुनील अग्रवाल निवासी गुप्ता गली टिकरापारा मन्नू चौक बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर, उत्तरवादी क्रमांक 10. अशोक अग्रवाल आत्मज स्व. रसिक अग्रवाल, उत्तरवादी क्रमांक 11. संतोष अग्रवाल आत्मज स्व. रसिक अग्रवाल, उत्तरवादी क्रमांक 12.मनोज अग्रवाल स्व. रसिक अग्रवाल, निवासी जूनी लाईन बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर, उत्तरवादी क्रमांक 13. सतीश कुमार अग्रवाल आत्मज स्व. रामरूवरूप निवासी द्वारा ब्रजकिशोर अगवाल लंगर टोली बहादुरपुर रोड पटना बिहार अपना पक्ष रखने हेतु इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 14.08.2025 को सुबह 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। आपके अनुपस्थित रहने पर आपके खिलाफ प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 17 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(ज्योति पटेल)
अतिरिक्त कलेक्टर, बिलासपुर (छ.ग.)

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 5 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



बुटन बाड़ी मंगला में भक्तों को बांटा गया प्रसाद

# सावन के आखिरी सोमवार को शिव मंदिरों में भक्तों की रही भीड़

सावन के आखिरी सोमवार को शिव मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ रही। लोग सुबह से शिवालय पहुंच कर भगवान शिव की स्तुति, आराधना की। बेलपत्र व आंक का फूल अर्पित कर जलाभिषेक किया।

## स्तुति, आराधना कर किया जलाभिषेक, चढ़ाई खीर-पुड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस साल सावन में चार सोमवार पड़ा। इस सोमवार सावन का आखिरी सोमवार रहा इसलिए लोग भगवान शिव को नारियल के साथ ही खीर-पुड़ी चढ़ाकर सुख-शांति की कामना की। आर्य समाज वसुंधरा विहार में श्रावण मास के पवित्र माह में यज्ञ, हवन कर देवों की पूजा की गई। श्रद्धा, अंजलि ने भजन प्रस्तुत किया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने पूजा का वैदिक स्वरूप समझाते हुए कहा कि पूजा का सही स्वरूप सेवा, सत्कार, सम्मान और आदर है, जो वस्तु जैसी है उसका वैसा ही सत्कार सम्मान आदर करने का नाम पूजा है भगवान श्री रामचंद्र की पूजा अर्थात उनके जीवन चरित्र को अपने जीवन में उतरना और अपने को मर्यादित बनाना है। यह भगवान श्रीराम की सच्ची पूजा है। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ी पूजा पंचायत पूजा को माना गया है अर्थात पांच देवों की पूजा और वह पांच देव माता-पिता, आचार्य, अतिथि और पति के लिए पत्नी और पत्नी के लिए पति है। यह पांच पूजनीय देव है। जिनका हमें आदर व सेवा यथा योग्य करनी चाहिए। कार्यक्रम में आर्य समाज के सभी सदस्य एवं अन्य परिवार सहित उपस्थित रहे।



### भगवान शिव का जलाभिषेक



अष्टमुखी शिव मंदिर में आखरी सावन सोमवार को जलाभिषेक कर सभी मित्र यारों और संजू बाबा की उम्र की मनोकामना के लिए भगवान से प्रार्थना की गई।

## श्रावण मास में मंगला गौरी का विशेष महत्व



सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में सावन महोत्सव श्रावण मास मे महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ नमक चमक विधि द्वारा निरंतर किया जा रहा है। सावन के अवसर पर त्रिदेव मंदिर में महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा हैं। यह आयोजन 9 अगस्त सावन शुक्ल पूर्णिमा तक निरंतर चलेगा। श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक नमक चमक विधि से किया जा रहा है। इसी कड़ी पर सावन मास का अंतिम सोमवार धूमधाम से मनाया गया। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने कहा कि सावन में केवल सोमवार का ही नहीं बल्कि मंगलवार के दिन का भी विशेष महत्व है। सावन मास के हर मंगलवार को मंगला गौरी का व्रत किया जाता है। मंगला गौरी व्रत विशेष रूप से विवाहित स्त्रियों द्वारा सौभाग्य (सुपतित्व), पति की दीर्घायु और गृह-सुख की वृद्धि के लिए किया जाता है, वहीं कुंवारी कन्याएं मनवांछित वर प्राप्त करने के लिए यह व्रत करती हैं,शास्त्रों और पुराणों में इसका विशेष महत्व बताया गया है,मंगला गौरी का व्रत करने से सभी दुख व कष्ट दूर होते हैं और मां गौरी की कृपा से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है।

## सावन सोमवार पर मंदिरों में जलाभिषेक व पूजन



श्रावण मास के अंतिम सोमवार पर श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा की।

## अखंड ब्राह्मण समाज ने किया सामूहिक रुद्राभिषेक



छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज के इकाई की बहनों द्वारा सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, पूजा की पूर्व तैयारियों में हमारे संगठन की प्रमुख वंदना तिवारी, रंजना पांडेय, नीलिमा तिवारी, शारदा, त्रिपाठी, नंदिनी उपाध्याय, सपना दुबे, अनीता शर्मा, सीमा पाठक, नीतू मिश्रा, नीलू चौबे, मंजू पांडेय , अंजना द्विवेदी एवं अन्य बहनों एवं अन्य बहनों का भी भरपूर योगदान रहा, 25 जोड़े इसमें शामिल हुए। यह आयोजन खाटू श्याम मंदिर परिसर के हॉल में किया गया, सभी बहनों ने सनातन धर्म का परिचायक भगवा रंग की साड़ी पहन कर पूजा में बैठी, साथ ही पूजा की तैयारियों में पंडित अमर कृष्ण शुक्ला और उनकी पूरी टीम का भी भरपूर योगदान रहा। पूजा के उपरांत भंडारे की भी व्यवस्था की गई थी सभी भाई बहनों ने पूजा करने के बाद भोजन का महाप्रसाद ग्रहण किया।

## कान्यकुब्ज महिला समाज के कार्यक्रम में राधा कृष्णा के रूप में प्रस्तुति



कान्यकुब्ज महिला समाज द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया सावन उत्सव एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम। महिला समाज द्वारा इमलीपारा स्थित भवन में सावन उत्सव एवं जन्माष्टमी का कार्यक्रम उत्साह के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि रंजना शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि मीरा मिश्रा द्वारा पूजा अर्चना से की गई, इसके पश्चात मुख्य बच्चों द्वारा राधा कृष्ण के रूप में अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी गई, महिलाओं द्वारा सामूहिक नृत्य भजन एवं एकल गायन की शानदार प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया, समाज की संरक्षिका उषा किरण बाजपेई, सुरेखा दीक्षित, डॉक्टर आरती पांडे को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नमिता बाजपेयी, सुमन अवस्थी, मृदुल अवस्थी, मधु अवस्थी, वर्षा अवस्थी, भारती दीक्षित, ज्योत्सना मिश्रा, अंशु नेहा मिश्रा, अंशु मिश्रा, वंदना शुक्ला, वंदना मिश्रा, किरण शुक्ला, रीता तिवारी, गायत्री अलका तिवारी, रेनू शुक्ला, अंजू तिवारी, आकांक्षा मिश्रा, दीपा तिवारी, विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम का संचालन महिमा दुबे द्वारा किया गया।



### सावन उत्सव में झूले का आनंद

ग्राम पंचायत बैमा नगोई में नारी शक्ति द्वारा सावन उत्सव मनाया गया,जिसमें रागिनी पांडे द्वारा सभी को पुरस्कार स्वरूप चूड़ी बिंदी मेहंदी दिया गया। सभी दीदीयों ने झूले का खूब आनंद लिया, इस अवसर पर रागिनी पांडे, सोहागा सोनी, अमृता खरे, काजल सूर्यवंशी, सविता,सुनीता खरे,प्रसूति सूर्यवंशी बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

## इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का सावन उत्सव और फ्रेंडशिप डे



इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने आईएमए भवन में सावन उत्सव और फ्रेंडशिप डे का एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में आईएमए के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इसे सफल बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत कुमकुम और मौली धागा से हुई, जिसे डॉ. प्रकृति और डॉ. अनुश्री ने धमाकेदार तरीके से संचालित किया। डांस परफॉर्मेंस, मधुर सॉन्ग्स और कविता पाठ ने शाम को सावन की हरियाली की तरह बना दिया। डॉ. आरती पांडे और मेघा ने सावन सुंदरी राउंड करवाए, जबकि डॉ प्रीना और डॉ. पारुल ने गेम खिलवाए। गेम की विनर डॉ मधुमिता मूर्ति, मिसेज शिवहरे और डॉ. स्वाति खापर्डे रहीं। सावन सुंदरी डॉ. आरती पांडे बनीं और लकी विनर ऑफ सावन डॉ. प्रकृति वर्मा बनीं। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ शैलजा घोष, डॉ संगीता जोशी, डॉ आरती पांडे, डॉ प्रकृति वर्मा, डॉ मेघा तिवारी, डॉ. प्रीना शुक्ला,डॉ पारुल जोगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### स्वरांजली चुनी गईं सावन सुंदरी

महाराष्ट्रीयन किटी ग्रुप के सावन उत्सव में कई मनोरंजन कार्यक्रम हुए। स्वरांजली विनचुरकर सावन सुंदरी चुनी गई। इस किटी की आयोजक मीनाक्षी देहनकर रहीं। इस मौके पर उज्ज्वल डबली, माला शिल्लेदार, प्रतिमा कोन्हेर सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## मधुकेश्वर महादेव मंदिर में दिव्य रुद्राभिषेक



सावन के पवित्र सोमवार को अग्रसेन चौक स्थित साकेत अपार्टमेंट परिसर के मधुकेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और शिवत्व से परिपूर्ण एक विशेष सार्वजनिक रुद्राभिषेक का आयोजन भव्य रूप से किया गया। दोपहर 3 बजे प्रारंभ हुए इस अनुष्ठान में गंगाजल, दुग्ध, शहद, दही, घृत और पंचामृत से भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। मंत्रोच्चार और शिव भजनों की दिव्य ध्वनि से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। इस पावन अवसर पर मुख्य पुजारी के रूप में पं अमर कृष्ण शुक्ला ने वैदिक रीति से रुद्राभिषेक का नेतृत्व किया।

## सोलह श्रृंगार खेल की विनर रहीं आरती



लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन ने व्यापार विहार स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्लेनेटेरियम तारामंडल में अगस्त माह की मीटिंग के साथ सावन उत्सव का आनंद लिया। सोलह श्रृंगार गेम में विनर अध्यक्ष आरती साहू को सावन सुंदरी चुना गया। रनर अप शुभ्रा गुप्ता व उषा गुप्ता रही। उषा तिवारी व सावित्री मिश्रा ने सावन क्वीन को क्राउन पहनाया। सावन से संबंधित विभिन्न गेम में विनर आरती अम्बष्ट, नंदिनी तिवारी, मनी जायसवाल, प्रीति प्रसाद रहीं। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रीय मित्रता दिवस पर कुसुम गोयल व शंपा दत्ता ने सभी को फ्रैंडसशिप बेल्ट बांधा। अगस्त माह के सदस्यों का जन्मदिन उत्सव केक काटकर मनाया गया। जोन चेयरपर्सन सुषमा तिवारी ने नए सदस्यों का सम्मान किया। सभी ने गीत संगीत के साथ अंतरिक्ष के विभिन्न ग्रहों की जानकारी से भरपूर तारामंडल की लघु फिल्म भी देखी। इस मौके पर क्लब संरक्षक सुधा साव, नीना, रचना, जीत उपवेजा, संध्या, अंजिता, सीमा, उषा, सपना, सुचित्रा, ममता, अनुराधा, सुमन, सुलोचना, आशा, सतिंदर, नागमणि, कवल, अमरजीत, प्राची तिवारी, आभा उपस्थित रही।



### अल्का एवेन्यू में सावन उत्सव की धूम

अल्का एवेन्यू सोसायटी में संगिनी ग्रुप के द्वारा सावन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सम्मिलित महिलाओं द्वारा सुंदर कार्यक्रम की प्रस्तुति गई,जिसमें मंच का संचालन विजेता श्रीवास्तव और नीता सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुजाता शास्त्री ,नीता सिंह, विजेता श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर नम्रता सिंह उपस्थिति रही।सावन सुंदरी की विजेता जया राव और हेमा धीरी रहीं। कार्यक्रम में संध्या क्षत्रिय, कीर्ति सिंह, हेमा धीरी, पिंकी श्रीवास्तव, गीतिका ठाकुर, पायल सिंह क्षत्रिय, ध्येया,अनिता सिंह, सोनी सिंह, शिवांगी जायसवाल, अन्नू नायर आदि संगिनी ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे ।

## बरई-चौरसिया समाज की विद्या बनीं सावन सुंदरी



बरई-चौरसिया समाज की महिलाओं ने तारामंडल में सावन उत्सव का आयोजन किया। इसमें महिला सदस्यों ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें नृत्य, गीत, संगीत, किटी पार्टी सहित कुर्सी दौड़ का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्या थवाईत को सावन सुंदरी के खिताब से नवाजा किया। इस अवसर पर अंजनी प्रधान, सुनीला प्रधान, सरोज थवाईत, प्रीति थवाईत, अनिता थवाईत, रजनी तम्बोली, मधुलिका थवाईत, अर्चना तम्बोली, किरण थवाईत, नीलू थवाईत, प्रतिमा चौरसिया, चंदा चौरसिया, सुषमा तम्बोली, रेखा थवाईत, रिंकी तम्बोली, अमिता थवाईत, सुनीता थवाईत आदि उपस्थित रहीं।



### पारंपरिक व सावन गीतों में नृत्य की प्रस्तुति

रायल रेसीडेंसी फेस-2 तोरवा में आयोजित सावन उत्सव में पारंपरिक व सावन गीतों में नृत्य की प्रस्तुति दी गई। गीत-संगीत गाए गए। विविध तरह के गेम्स में एस प्रतिमा व रेखा गुप्ता विजयी रही। कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं को उपहार दिया गया।

## सावन महोत्सव की धूम, मनोरंजक खेल खेले गए



विकास नगर एवं चंद्र विहार कॉलोनी की महिलाओं ने विगत दिनों सावन उत्सव का आयोजन किया,जिसमें मनोरंजक खेल रखे गए इनमें विजयी होकर सावन सुन्दरी की उपाधि प्रथम प्रतिभा तिवारी, दितीय गायत्री उपाध्याय, तृतीय वर्षा तिवारी ने प्राप्त की, इन आयोजनों में रवि तिवारी,चित्रा गमे, संध्या तिवारी, मनीषा राजपूत, अनीता राजपूत, संध्या मोहरे,रचना उपाध्याय, सीमा उपाध्याय, प्रभा श्रीवास,ममता श्रीवास,आभा श्रीवास ,बीना पांडे, स्वाति तिवारी एवं यमुना ने सक्रिय रूप से सहयोग देकर आयोजन को सफल बनाया।

## खबर संक्षेप

### सेनिटेशन वर्कशाप का आयोजन

**बिलासपुर।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर स्वच्छता जागरूकता अभियान के अलावा रेलवे कार्यालयों में श्रमदान के साथ सेनिटेशन वर्कशाप का आयोजन किया गया। सोमवार को मंडल के वाणिज्य एवं चिकित्सा विभागों के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे स्टेशन परिसर, आसपास के क्षेत्रों तथा रेल कालोनी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें रेल परिसर एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में श्रमदान के माध्यम से स्टेशन परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कर्मचारियों व यात्रियों को प्रेरित किया गया। रेल पटरियों के निकट एवं उनके आसपास श्रमदान करते समय सुरक्षा के सभी आवश्यक उपाय अपनाए गए। वर्कशाप में स्वच्छता से जुड़ी व्यवहासिक जानकारियां प्रदान करने के साथ कर्मचारियों को स्टेशन परिसर, कार्यालयों, वर्कशाप पर स्वच्छता बनाए रखने प्रोत्साहित किया गया।

### स्टेशन के सफर को सहेजने जनसहयोग

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर का विकास वर्तमान में 400 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत स्टेशन को विश्वस्तरीय यात्री सुविधाओं से युक्त एक आधुनिक टर्मिनल के रूप में विकसित करने का काम हो रहा है। रेल प्रशासन का उद्देश्य न केवल भौतिक ढांचे का विकास है बल्कि इस ऐतिहासिक स्टेशन की विरासत को भी संजोकर रखना है। इसके लिए बिलासपुर बल्कि संपूर्ण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे परिक्षेत्र में निवास करने वाले जनमानस से अनुरोध किया गया है कि जिनके पास बिलासपुर रेलवे स्टेशन की पुरानी या ऐतिहासिक तस्वीरें, दस्तावेज या स्मृतियां सुरक्षित हैं, वे रेलवे के मुख्यालय में पदस्थ मुख्य प्रचार निरीक्षक संजय पाण्डेय और बिलासपुर रेल मंडल में वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक अंबिकेश साहू से इन्हें साझा कर इस ऐतिहासिक धरोहर को संजोने में रेलवे का सहयोग कर सकते हैं।

### स्पेशल ट्रेन परिचालन में किया गया विस्तार

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय त्यौहार में रेल यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने उधना सूरत एवं खुर्दा रोड ओडिशा के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया है। यह गाड़ी 09059/09060 उधना-खुर्दा रोड और खुर्दा रोड-उधना साप्ताहिक स्पेशल 1 अगस्त तक चल रही थी, जिसका परिचालन में विस्तार करते हुए 26 सितम्बर तक कर दिया गया है। 09059 उधना-खुर्दा रोड साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 6 अगस्त से 24 सितम्बर तक और विपरीत दिशा में 09060 खुर्दारोड-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 8 अगस्त से 26 सितम्बर तक होगा।

### मजदूर संघ के जोनल अध्यक्ष बने कमलेश

**बिलासपुर।** दपूमरे मजदूर संघ बिलासपुर जोन का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। द्विवार्षिक अधिवेशन में जनरल मीटिंग में सर्वसम्मति से जोनल पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। इसमें जोनल अध्यक्ष कमलेश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष विवेकानंद चंद्रा, उपाध्यक्ष युवराज कुमार साहू, सोनप्रभा तिवारी, ईश्वर जंघेल, जोनल महामंत्री त्रिमलेश नायडू, सहायक महामंत्री नूतन कुमार वर्मा, बसंत महापात्रो, जीएस कैवर्त, नीलम मिश्रा, चांगो बोरकर, कोषाध्यक्ष अभिषेक रेड्डी, संगठन मंत्री दीपक जरगर, जोनल सदस्य विनोद पाल बंकर, राकेश पटेल, राजेश्वर नागपुरे, के श्रीधर थे।

**अब गोदामों में रखा-रखा सड़ेगा डीएपी** | हो चुका खाद का छिड़काव अब किसानों को इसकी जरूरत ही नहीं

# वाह रे व्यवस्था...पूरा सीजन पार होने के बाद अब आया डीएपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




खरीफ सीजन में धान की फसल में छिड़काव के लिए किसानों में इस साल डीएपी के लिए हाहाकार मचा रहा, लेकिन जिले में इसकी पूर्ति नहीं की जा सकी। अब जब फसल में खाद का छिड़काव लगभग किया जा चुका है, जो जिले में डीएपी की सप्लाई आ रही है। सहकारी समितियों की ओर से मांग आने पर इसकी सप्लाई की जाएगी।

- डीएपी के लिए किसानों में इस साल मचा रहा हाहाकार

सरकारी व्यवस्था कैसी होती है? यह डीएपी की वर्तमान उपलब्धता से पता चल रही है। सहकारी समितियों में खाद का वितरण मई महीने में जोरों से किया जाता है। इस साल भी किसानों ने मई महीने से ही खाद का उठाव प्रारंभ कर दिया था। बीते साल जिले में डीएपी के भंडारण का लक्ष्य 6917 मीट्रिक टन था, लेकिन इस साल के लिए यह लक्ष्य कम करते हुए 5649 मीट्रिक टन कर दिया गया। जिले में इस साल डीएपी की भारी किल्लत को ध्यान में रखते हुए डीएपी के भंडारण लक्ष्य में और भी कमी कर दी गई थी, जिससे यह 3300 मीट्रिक टन पर आ गया। इसके बाद भी किसानों को डीएपी उपलब्ध नहीं कराया जा सका।

इतना सब कुछ होने के बाद जब किसानों ने जैसे-तैसे अपने खेतों में अलग-अलग खाद का छिड़काव पूरा कर लिया है, तो जिले में डीएपी की सप्लाई आई है। विपणन विभाग के अनुसार बीते दिनों 600 मीट्रिक टन डीएपी की खेप आई, जिससे जिले में डीएपी की वर्तमान उपलब्धता अब करीब 900 मीट्रिक टन है। विभाग के अनुसार किसानों की मांग के आधार पर डीएपी चाहने वाली सहकारी समितियों को आरओ व डीडी प्राप्त कर डीएपी जारी किया जा सकेगा।

### पूरा सीजन विकल्प बताने में निकल गया

किसानों द्वारा लगातार डीएपी की मांग करने पर कृषि विभाग, सहकारी समितियां एवं मार्कफ्रेड के अधिकारी किसानों को डीएपी का विकल्प बताते रहे। इसके अंतर्गत एनपीके व नैनो डीएपी जैसे नाम प्रमुखता से सामने आए। किसानों ने मजबूरी में इनका उपयोग भी किया। इस दौरान किसानों को अलग-अलग खाद को संतुलित मात्रा में मिलाने जैसी माथापच्ची भी करनी पड़ी। इतना सब करने के बाद अब जिले में डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता बताई जा रही है, जबकि अब इसकी जरूरत ही नहीं है।

### रबी के लिए पड़ती है जरूरत

अभी करीब 900 मीट्रिक टन डीएपी की उपलब्धता है। सहकारी समितियों को मांग के आधार पर दे दिया जाएगा। खरीफ के बाद किसानों को रबी के लिए भी डीएपी की जरूरत पड़ती है, उस समय भी दिया जा सकेगा। वैसे डीएपी और एनपीके की एक्सपायरी डेट एक से डेढ़ साल की होती है, जिससे अगले सीजन तक के लिए इसका सुरक्षित भंडारण करके रखा जा सकता है।

**-शंभु कुमार गुप्ता**, डीएमओ

**बिल्हा स्वास्थ्य केंद्र बदहाल:** बच्चे और गर्भवती महिलाओं को लेकर भी उदासीनता बरत रहा स्टाफ

# डाक्टर नदारद, सोनोग्राफी ताले में बंद एक्स-रे मशीन साल भर से चादर में लिपटी

कोमल सिंह ⏭ बिलासपुर

बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का हाल बदतर हो चुका है। सरकार की ओर से यहां संसाधन और डाक्टर उपलब्ध कराए गए हैं, लेकिन क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए तरसना पड़ रहा है। हाल यह है कि प्राथमिक स्वास्थ्य के डाक्टरों को मिलाकर 15 से अधिक डाक्टर हैं, लेकिन सोमवार की सुबह 9 से 11 बजे तक यहां एक भी डाक्टर मौजूद नहीं था। 11.15 बजे डॉ निकिता कंवर पहुंचीं और जाकर ओपीडी में बैठीं। गौर करने के वाली बात यह है कि सीएचसी में भरपूर स्टाफ होने के बाद भी मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है, कई मरीज दर्द से तड़प रहे हैं, इसके बाद भी स्टाफ और डाक्टरों को तरस नहीं आ रहा है।

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्हा का हाल

बिल्हा स्वास्थ्य केन्द्र जिले का सबसे बेहतर स्वास्थ्य केन्द्र होने का तमगा पा चुका है, लेकिन यहां मरीजों से इलाज के बारे में पूछने पर हकीकत पता चलती है। मरीज सुबह 9 बजे से पर्ची कटाकर ओपीडी की लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन डाक्टरों का अतापता नहीं रहता है। सोमवार को हरिभूमि की टीम यहां पहुंची, तो स्त्रीरोग विशेषज्ञ, आर्थोपेडिक, दंत चिकित्सक, शिशु रोग विशेषज्ञ, जनरल ओपीडी में डाक्टर मौजूद नहीं थे। अस्पताल में पूछने पर पता चला कि यहां 11 डाक्टर पदस्थ हैं और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के डाक्टर भी आते हैं, लेकिन 15 में से एक भी डाक्टर मौजूद नहीं था। सवा 11 बजे के बाद डा. निकिता कंवर और डा. अजय पंड्या आए। इस समय यहां 250 से अधिक मरीज ओपीडी में डाक्टरों का इंतजार कर रहे थे, इसमें पेट दर्द की शिकायत, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे मौजूद थे।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा में डॉक्टरों का इंतजार करते ओपीडी में खड़े मरीज। फोटो प्रकाश परिहार।

### एक्सरे मशीन साल भर से खा रही धूल

सीएचसी में डिजिटल एक्सरे की व्यवस्था है, लेकिन फिल्म नहीं होने के कारण पिछले 1 साल से एक्सरे धूल खा रही है। डाक्टरों ने उसे चादर में लपेट कर रख दिया है। वहीं पुरानी मशीन से एक्सरे निकाला जा रहा है, जिसे डेव्लप करने में ही 20 मिनट लग रहे हैं, ऐसे में मरीजों को घंटों इंतजार में बैठा रहना पड़ता है। कई बाद दूसरे दिन एक्सरे फिल्म मिलती है, रिपोर्ट तो डाक्टर कभी नहीं देते हैं। यही हाल सोनोग्राफी मशीन का है, इसका उपयोग महज गायनिक मरीजों के लिए किया जाता है। पुरूष मरीज आने पर सोनोग्राफी तक नहीं की जाती है। सोनोग्राफी मशीन भी ताले में बंद मिली है।



### इन डॉक्टरों की है पदस्थापना

- डॉ. निकिता कंवर- देर से पहुंची
- डॉ पकंज साहू-आफ
- डॉ गीता प्रधान-मौजूद नहीं
- डॉ मनमीत थवाइत- ऑफ
- डॉ अजय पाड्या- देर से पहुंचे
- डॉ अदिती गढेवाल- छुट्टी
- डॉ मिनाक्षी पटेल- छुट्टी
- डॉ मनीषा देवांगन-छुट्टी
- डॉ सान्या तिवारी- मौजूद नहीं
- डॉ हिमांशी पांडेय-छुट्टी
- डॉ नेहा वर्मा- मौजूद नहीं

### परीक्षा चल रही है

डाक्टरों के पीजी की परीक्षा चल रही है, इसलिए छुट्टी पर हैं। डाक्टरों की कमी बनी हुई है, इसकी जानकारी आला अधिकारियों के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री तक को दी गई है। रिजेंट नहीं मिलने से जांच बंद है और फिल्म की सप्लाई नहीं हुई है, इसलिए एक्सरे नहीं हो रहा है।

**-डॉ एसके गुप्ता,** बीएमओ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

### की जाएगी कार्रवाई

बिल्हा सीएचसी में भरपूर स्टाफ है, इसके बाद भी कोताही बरती जा रही है, बीएमओ से इस बारे में बात की जाएगी। कार्रवाई भी की जाएगी।

**-डॉ शुभा गढ़ेवाल,** सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

### डा. गढ़ेवाल भी थीं पदस्थ

बिल्हा सीएचसी में कई सालों तक वर्तमान सीएमएचओ डॉ. शुभा गढ़ेवाल बीएमओ के पद पर रह चुकी हैं, जब तक डॉ. गढ़ेवाल थीं, सीएचसी की छवि प्रदेश भर के स्वास्थ्य केन्द्रों में बेहतर रही है, लेकिन उनके यहां से जाने के बाद से अव्यवस्था का आलम चरम पर है। डाक्टरों ने निजी अस्पताल खोल रखा है। बताया जा रहा है कि अस्पताल के 3 डाक्टरों की निजी क्लीनिक महज 50 मीटर के दायरे पर है।

### किस काम की व्यवस्था

अस्पताल में शल्य चिकित्सा वार्ड है, लेकिन महिला और पुरूष दोनों ही वार्ड में एक भी मरीज भर्ती नहीं है। एक स्टाफ ने बताया कि रात में कोई भी डाक्टर मौजूद नहीं होता है, इसलिए मरीज भर्ती होने से घबराते हैं। यह विडंबना ही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 24 घंटे डाक्टरों की उपस्थिति अनिवार्य है, फिर भी डाक्टर ड्यूटी को लेकर लापरवाही बरत रहे हैं। हालत यह है कि बीएमओ स्वयं ही सोमवार को अस्पताल में मौजूद नहीं थे, पता करने पर बताया गया कि वे हरदी कला गए हुए हैं।

### इसलिए जांच बंद की

स्वास्थ्य विभाग ने लाखों रूपए खर्च कर हमर लैब की स्थापना कराई है। जिला अस्पताल के बाद बिल्हा सीएचसी में ही इसकी व्यवस्था है, दावा किया गया था कि 71 तरह की जांच रिपोर्ट मिनटों में मिल सकेगी, लेकिन इसका उलट हो रहा है। सीजीएमएससी से रिजेंट नहीं मिलने पर हिमैटालॉजी, माइक्रोबॉजी, सिरोलॉजी, बायो केमेस्ट्री, लिपिड प्रोफाइल, थाइराइट, विटामिन की जांच बंद हो चुकी है। वर्तमान में महज 11 से 12 जांच ही हो पा रही है।

### दो मवेशी मालिकों के खिलाफ जुर्म दर्ज



**बिलासपुर।** सड़क पर मवेशी छोड़ने वाले दो मालिकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, नगर पालिका बोदरी के कर्मचारियों के द्वारा नेशनल हाइवे में घूमने वाले मवेशियों को पकड़ने में लगे हुए। लावारिश मिलने वाले मवेशियों को गौठान में छोड़ा जा रहा है। 2 अगस्त को कर्मचारी ने नेशनल हाइवे में 2 मवेशियों को पकड़ा गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि उक्त मवेशी बहोरन यादव पिता सुंदर यादव सकरी, लक्ष्मी प्रसाद यादव पिता मंगलूराम यादव बिरकोनी निवासी का है। कर्मचारियों ने मवेशियों को गौठान में छोड़कर उच्च अधिकारियों को जानकारी दी। नगर पालिका के भारती साहू पति एलएन साहू ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर दोनो मवेशी मालिकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 291 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। एक दिन पहले पुलिस लाइन के पास सड़क में मवेशी घूमने मिलने पर मवेशी मालिक के खिलाफ सिविल लाइन थाने में जुर्म दर्ज किया गया था।

### 6 लाख के पाट्र्स निकाल कर भाग गए कर्मचारी

**बिलासपुर।** प्लाट में खड़ी मशीन से 6 लाख का पाट्र्स निकालकर कर्मचारी भाग गए हैं। पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, गोंड़पारा निवासी दीपांशु श्रीवास्तव पिता स्व. दिलीप श्रीवास्तव ने रिपोर्ट लिखाई। उनका छतौना रोड गोल्डन पार्क के बाजू में प्लाट है। प्लाट में एक कीमती मशीन रखी है। उन्होंने आरोप लगाया है उनका कर्मचारी शेख जाहिद खान पिता शेख मुस्ताक खान विजय राघवगढ़ कटनी निवासी व अन्य लोग मशीन में लगे सीबीसी वेट मीटर, प्रिंटर, सेसर रिवर्सकैरा, हाइड्रोलिक पंप व अन्य सामान चोरी कर भाग गए हैं। चोरी गए सामान की कीमत 6 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने शेखा जाहिद एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 306 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# गैरेज के सामने से ट्रक हटाने कहा तो दो भाइयों सहित तीन को पीटा

## खुद को बताया लालखदान का संजय पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गैरेज के सामने से ट्रक हटाने कहने पर उसमें सवार युवक मैं लाल खदान का संजय पाण्डेय हूं ... तुमको औकात दिखाता हूं कहते हुए अपने गुर्गों को बुलाकर गुण्डागर्दी करते हुए दो भाईयों व उनके बेटे की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, सिद्धि विनायक नगर घुरू निवासी राहुल विश्वकर्मा ने रिपोर्ट लिखाई। उनका रायपुर रोड गरम तवा रेस्टोरेंट के सामने परसदा में मोटर गैरेज है। 4 अगस्त की दोपहर 3.30 बजे एक ट्रक उनके गैरेज के सामने आकर खड़ा हो गया। उन्होंने गैरेज के सामने से ट्रक हटाने कहा तो उसमें बैठा व्यक्ति विवाद करने लगा। कुछ देर बाद फोन करके अपने गुर्गों को बुला लिया और गाली गलौज करते हुए गैरेज से लोहे का पाइप लेकर उनके पिता निवास विश्वकर्मा के साथ मारपीट करने लगा। उनके चाचा परशुराम विश्वकर्मा, भाई रोहित विश्वकर्मा बीच बचाव करने गए तो उनके साथ भी बेरहमीपूर्वक मारपीट की गई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर संजय पाण्डेय एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### दूसरे पक्ष से भी मारपीट दो गंभीर सिम्स में भर्ती

बताया जाता है हमलावरों के साथ भी मारपीट की गई है, जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना पर डायल 112 से घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। बहरहाल दूसरे पक्ष के लोगों के द्वारा घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज नहीं कराई गई है।

# इंक्रीमेंट के बाद भी हजारों शिक्षकों को जुलाई में कम मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोश में सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं होने के कारण इंक्रीमेंट के बाद भी हजारों शिक्षकों को जुलाई में कम वेतन मिला है।

शिक्षकों के मुताबिक संचालनालय कोश लेखा एवं पेंशन के लापरवाही के कारण जुलाई माह में वेतन से अधिक कटौती हो गई तथा पिछले बेसिक पर ही एचआरए बनाया गया, साफ्टवेयर में इसमें भी संशोधन नहीं किया गया और इसी कारण लाखो शिक्षकों व कर्मचारियों को कम वेतन मिला। शिक्षक संघों ने इसके लिए जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की मांग की है। दरअसल जुलाई महीना शासकीय कर्मचारियों के इन्क्रीमेंट का माह होता है, जिसका उनको कई दिनों/महीनों से इंतजार रहता है, की जुलाई में वेतन इन्क्रीमेंट लगकर मिलेगा। परंतु इस बार जुलाई माह का वेतन तो आया मगर वो खुशियां नही लाया।

**एचआरए में भी गड़बड़ी की गई:** शासन द्वारा एचआरए में भी गड़बड़ी की गई और साफ्टवेयर में सुधार नहीं किया गया।

जुलाई माह में वेतनवृद्धि लगने पर कर्मचारियों के एचआरए में भी वृद्धि होती है साफ्टवेयर में सुधार नहीं होने के कारण तथा डीडीओ द्वारा बिल बनाते समय कर्मचारी के ड्यूस सेक्शन में जाकर सुधार नहीं करने के कारण अधिकाशं जगह पिछले बेसिक पर ही एचआरए देकर वेतन बनाया गया, जिससे कर्मचारी को आर्थिक हानि हुई।

# प्रवेश प्रतिबंध का छात्रों ने किया विरोध

**बिलासपुर।** अटल बिहारी बाजपेयी विवि द्वारा अनुशासनहीनता व कार्य में बाधा डालने के आरोपों के साथ विवि के तीन पूर्व छात्रों का यूटीडी में प्रवेश प्रतिबंधित करने का मामला गरमाता जा रहा है। छात्रों ने इसका विरोध करते हुए आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

एयू के एलुमनी एसोसिएशन सचिव सूरज सिंह राजपूत ने इस मामले में कहा है कि विवि प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्र प्रतिनिधियों पर की गई कार्रवाई से विवि के हर वर्ग में रोष है। छात्रों पर दबाव बनाने इस तरह का आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय ने अनुशासनहीनता व कार्य में बाधा डालने के आरोप में यूटीडी के तीन पूर्व छात्रों सूरज सिंह राजपूत, नीरज यादव व सौरभ दुबे का विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है। विवि प्रशासन के अनुसार तीनों पूर्व छात्र निरंतर कार्य में बाधा डाल रहे थे, इसके अलावा कर्मचारियों से बहस कर रहे थे और छात्रों को बरगला रहे थे। आदेश के अनुसार यदि इन छात्रों ने आदेश का उल्लंघन किया तो विवि विधिसम्मत कार्यवाही करेगा।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# मल्टीलेवल पार्किंग स्व. बाजपेयी के नाम पर होगी

**बिलासपुर।** शहर सरकार की कैबिनेट ने सोमवार को हुई। इसमें तय किया कि नेहरु चौक से सरकण्डा को जाने वाली और चांटापारा से कुदूदण्ड जाने वाली इंदिरासेतु के पास चौराहे के समीप किनारे पर रिक्त स्थान में राष्ट्रमाता जीजाबाई भोसले के नाम पर चौक का नामकरण एवं जीजा माता साहेब की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।



जोन कमांक 03 में बनी नवनिर्मित मल्टीलेवल पार्किंग बिलासपुर का नामकरण वरिष्ठ समाज सेवी स्व. पं. गंगा प्रसाद बाजपेयी के नाम पर होगा। जोन क्रमांक 04 के अंतर्गत भारतीय नगर गुम्बर पेट्रोल पंप से सेन्ट जेवियर्स तक की सड़क सीए स्ट्रीट कहलाएगी। इसके अलावा जोन कमांक 04 व्यापार विहार अंतर्गत तारबहार इंदिरा कॉलोनी वाली रोड बिलासपुर में शहीद अश्वनी प्रधान की प्रतिमा स्थापित होगी और तारबहार मोहल्ले के शासकीय प्राथमिक शाला घोड़ादाना स्कूल का नामकरण शहीद अश्वनी प्रधान के नाम पर किया जाएगा। इसके साथ ही जोन कमांक 4 के अंतर्गत व्यापार विहार तारबहार चौक के निकट महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खुदीराम बोस की मूर्ति स्थापना की जाएगी।

सोमवार को हुई एमआईसी की बैठक में फैसला लिया गया कि जोन कमांक 5 के अंतर्गत अग्रसेन चौक से पुराना बस स्टैण्ड जाने वाली टेलीफोन एक्सचेन्ज रोड का नामकरण श्री महाराजा अग्रसेन मार्ग होगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
Departure EX-Kathmandu (13 दिन)
EX-नेपाल गंज हेलिकॉप्टर (9 दिन) 2,60000/-
कैलाश मानसरोवर यात्रा
8 मई से 20 मई 2026, (12 रात 13 दिन)
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्स्ट्रा रहेगा।
राशि:- (13 दिन) 2,10000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411